हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • मंगलवार • 28.01.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 186 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को किया सम्मानित






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, दुमका में आयोजित समारोह में तिरंगा फहराया एवं सलामी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर राज्य की जनता को संबोधित किया। मौके पर विधायक बसंत सोरेन, विधायक आलोक कुमार सोरेन, विधायक डॉ. लुईस मरांडी, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, संताल परगना के आयुक्त लालचंद दादेल, आईजी क्रांति कुमार, डीआईजी अंबर लकड़ा, जिला के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस पावन अवसर पर पुलिस लाइन मैदान, दुमका स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर अमर वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह में जिले के स्व० पतरू राय की आश्रित पत्नी परवतिया देवी (ग्राम- परसदाहा, प्रखण्ड- सरैयाहाट, जिला- दुमका) को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने वाली एनसीसी +2 (बालिका) दुमका को प्रथम , आईआरबी- 01 जामताड़ा महिला प्लाटून को द्वितीय और गृह रक्षा वाहिनी दुमका को तृतीय पुरस्कार से नवाजा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने फर्स्ट इन कमांड, परीक्ष्यमान सहायक पुलिस अधीक्षक दुमका डॉ. मोहम्मद सैयद मुस्तफा हाशमी, सेकंड इन कमांड, परीक्ष्यमान सहायक पुलिस उपाधीक्षक दुमका आकाश भारद्वाज एवं राष्ट्रगान में संत टेरेसा उच्च विद्यालय, दुमका और बैंड में हजारीबाग पुलिस अकादमी को सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री के हाथों इन कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जिसमें रानी सोरेन, स्वाती राज, राजू बांद्रा, मेघा बेसरा, पवन कुमार मिश्रा, बासुकीनाथ चतुर्वेदी, अर्पिता प्रसाद, बसंती हेंब्रम शामिल रहें।

### इन विभागों की झांकियों को मिला पुरस्कार

- प्रथम पुरस्कार- महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग।
- द्वितीय पुरस्कार- वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जिला ग्रामीण विकास शाखा, दुमका।
- तृतीय पुरस्कार- पुलिस विभाग, दुमका।

## मुख्यमंत्री ने एचआइएल फाइनल मैच की विजेता टीम को किया पुरस्कृत



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का खेल के प्रति प्रेम एवं गहरे लगाव की बानगी आज फिर देखने को मिली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मरांग गोमके जयपाल सिंह स्ट्रोटर्फ स्टेडियम मोरहाबादी, रांची में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री के साथ कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री यहां जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब एवं ओडिशा वॉरियर्स के बीच खेले गए फाइनल मुकाबला का लुत्फ उठाया तथा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराकर उद्घाटन संस्करण का खिताब अपने नाम किया। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं विधायक कल्पना सोरेन को अपने बीच पाकर खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ। मुख्यमंत्री भी गर्मजोशी के साथ खिलाड़ियों को चीयर करते हुए नजर आए। फाइनल मुकाबला के दौरान मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य सहकारिता विकास समिति की हुई बैठक

# राज्य के संसाधनों के अनुसार ही सहकारिता विकास की योजना तय करें : अलका तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में हमें वही करना है, जो राज्यहित में हो। वह सोमवार को राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य के संसाधनों और अधिकतम लोगों की जरूरत के अनुसार ही सहकारिता विकास की योजना तय करें। कुछ जिलों में सहकारिता बैंक की शाखा खोलने के मुद्दे पर उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक पहले अपनी स्थिति मजबूत करे, फिर विस्तार की योजना पर काम करे। उन्होंने कहा कि वैसी विकास योजनाएं न लें, जो बाद में राज्य पर बोझ साबित हों। वहीं सहकारिता विभाग के कुछ प्रस्तावों पर उन्होंने और कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्ताव राज्य के इको सिस्टम के अनुरूप होने चाहिए।

### राज्य के 1270 लैम्पस-पैक्स ऑनलाइन हुए

राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक में बताया गया कि राज्य के चयनित 1500 लैम्पस-पैक्स में से 1270 कंप्यूटरीकृत होकर ऑनलाइन हो चुके हैं। शेष 230 समितियों को 31 मार्च तक कंप्यूटरीकृत कर लेने का लक्ष्य है। वहीं राज्य के शेष बचे 2949 लैम्पस-पैक्स के कंप्यूटरीकरण का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। जो लैम्पस-पैक्स ऑनलाइन हो गये हैं, उन्हें प्रज्ञा केंद्र के रूप में सेवा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए बैठक में इन समितियों को झारसेवा लॉगिन आइडी देने का निर्णय लिया गया।

### 13 लाख क्विंटल से अधिक हो चुकी है धान की खरीद

बैठक में बताया गया कि 724 धान अधिप्राप्ति केंद्रों से 25 जनवरी 2025 तक कुल 1306356.33 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी की निर्धारित अवधि कम होने को ध्यान में रखते हुए शेष 75 क्रय केंद्रों को कार्यशील बनाते हुए लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 100 प्राथमिक दुग्ध सहकारी समिति के निबंधन के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 65 का निबंधन हो चुका है, जबकि 37 निबंधन के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं।

### 2.57 लाख टन हुआ मत्स्य उत्पादन

राज्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 में तीन लाख टन मछली उत्पान के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2.57 लाख टन उत्पादन हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह उत्पादन 2.80 लाख टन था। बताया गया कि अमृत सरोवर मिशन के तहत प्रत्येक जिले में निर्मित एवं विकसित सरोवरों में मत्स्यजीवी सहयोग समितियां लि. के गठन के लिए सहकारिता एवं मत्स्य प्रभाग में समन्वय कर अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 50 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 33 प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति का गठन हो चुका है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमव\न्त सोरेन का झारखंड में स्तरीय शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय है। पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। सरकार की इस पहल को अभिभावकों ने भी हाथों हाथ लिया और पिछले साल लगभग सभी जगह बड़ी संख्या में नामांकन हुए। इस वर्ष भी इसमें नामांकन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों व्यवस्था की गई है ऑनलाइन के लिए दिए गए लिंक पर जाकर आवेदन दिया जा सकता है। मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पूरी तरह सीबीएसई पैटर्न पर चलाये जाते हैं प्रथम चरण में 80 स्कूल सुचारू रूप से चलाए जा रहे हैं। आने वाले समय में इनकी संख्या 4 हजार 496 तक की जाएगी। इस विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर योग्य शिक्षकों के चयन तक में खास ख्याल रखा जाता है।

# पाकिस्तान में एलपीजी टैंकर में विस्फोट 20 मकान तबाह, छह लोगों की मौत



एजेंसी

**लाहौर :** मुल्तान के हामिदपुर कनोरा क्षेत्र के औद्योगिक एस्टेट में एलपीजी टैंकर में हुए विस्फोट से भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट इतना जोरदार था कि घटनास्थल के पास बने करीब 20 मकान पूरी तरह से तबाह हो गए और 70 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। दस दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हादसे में नाबालिग लड़की समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि 31 लोग घायल हो गए।


पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक एलपीजी टैंकर में विस्फोट हो गया। हादसे में नाबालिग लड़की समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि 31 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट इतना जोरदार था कि घटनास्थल के पास बने करीब 20 मकान पूरी तरह से तबाह हो गए और 70 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। दस दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि मुल्तान के हामिदपुर कनोरा क्षेत्र के औद्योगिक एस्टेट में एलपीजी टैंकर में हुए विस्फोट से भीषण आग लग गई। टैंकर का मलबा पास के आवासीय क्षेत्रों में जाकर गिरा। दस से अधिक अग्निशमन वाहनों और फोम आधारित अग्निशमन यंत्रों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अफसरों ने कहा कि विस्फोट में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक शव क्षतिग्रस्त मकान से बरामद किया गया। अफसरों ने बताया कि मृतकों में एक नाबालिग लड़की और दो महिलाएं शामिल हैं। हादसे में 31 लोग घायल हुए हैं। इसमें 13 की हालत गंभीर बताई जा रही है। निश्तार अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है।

मुल्तान के सिटी पुलिस अधिकारी (सीपीओ) सादिक अली ने बताया कि विस्फोट के बाद लगी आग में कई घर नष्ट हो गए । इसमें कई मवेशी भी मारे गए। औद्योगिक क्षेत्र में खड़े टैंकर के एक वाल्व से गैस लीक हो रही थी। लोगों को जब गैस की गंध महसूस हुई तो कुछ लोग इलाके से बाहर निकल आए थे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर एक अवैध एलपीजी रिफिलिंग गोदाम था और रिफिलिंग के दौरान विस्फोट हुआ।

# गंगा में डुबकी से गरीबी दूर होगी क्या : मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी



**महू :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती है। उन्होंने कहा, ये लोग जाकर हजारों रुपए खर्च करके कांप्टीशन पर डुबकियां मार रहे हैं।

श्री खरगे ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित किया। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में आयोजित इस रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। श्री गांधी ने भी अपने संबोधन में भाजपा नेताओं की नीतियों की आलोचना की।

श्री खरगे ने अपने संबोधन के दौरान प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भाजपा नेताओं के डुबकी लगाने के परिप्रेक्ष्य में कहा, अरे भाई गंगा में डुबकी लेने से गरीबी दूर होती क्या। आपको, खाना मिलता पेट को। मैं किसी की आस्था के ऊपर दोष नहीं लगाना चाहता हूं। अगर किसी को दुख हुआ, तो मैं माफी चाहता हूं। लेकिन आप बताइए, अरे जब बच्चा भूखा मर रहा है, बच्चा स्कूल में नहीं जा रहा है, मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है, जब ये है तो ये लोग जाकर हजारों रुपए खर्च करके 'कांप्टीशन' पर डुबकियां मार रहे हैं, कांप्टीशन पर एक डुबकी मारता और जब तक टीवी पर अच्छा नहीं आता, तब तक डुबकियां मारते रहते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने संबोधन में डॉ अंबेडकर का स्मरण किया और कहा कि उन्होंने अकेले सारे देश में अछूत लोगों को, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों को उनके हक दिलाने की पूरी कोशिश की थी। जब एक व्यक्ति अकेले ये कर सकता है तो आप सभी मिलकर क्यों नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अगर सभी अंबेडकर जैसे बन गए, तो केंद्र में भाजपा की सरकार हिल जाएगी और उनका अता पता भी नहीं लगेगा। इसके लिए ही राहुल गांधी लड़ रहे हैं।

श्री खरगे ने सभी से संविधान की रक्षा करने के लिए भी आह्वान किया और आरोप लगाया कि 'भाजपा और आरएसएस' के लोग इस संविधान को समाप्त करना चाहते हैं। ये लोग देश को उस हालात में ले जाना चाहते हैं, जैसा देश आजादी के पहले था। उस समय गरीबों की कोई सुनवायी नहीं होती थी। संविधान समाप्त होने के बाद भी ऐसा ही होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने श्री गांधी के देश में जाति के आधार पर जनगणना कराने की बात को आज फिर न्यायसंगत बताया और कहा कि इसके लिए ही श्री गांधी लड़ाई लड़ रहे हैं।

## महाकुंभ में शाह ने लगायी पवित्र डुबकी, परिवार संग की पूजा-अर्चना



**महाकुम्भनगर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मठों, मंदिरों और अखाड़ों के संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़ककर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुम्भ कलश भी भेंट में दिया, जबकि साधु संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया। भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई।

# पूर्व आईजी समेत आठ पुलिसवालों को उम्रकैद हिरासत में आरोपी की मौत के मामले में गिरी गाज

एजेंसी



**चंड़ीगढ़ :** चंड़ीगढ़ की सीबीआई कोर्ट ने हिरासत में बलात्कार और रेप के आरोपी की मौत के मामले फैसला सुनाया है। 2017 में हुए इस मामले में कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व आईजी जहूर हैदर जैदी समेत आठ पुलिसवालों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में मारे गए व्यक्ति पर आरोप था कि उसने 4 लोगों के साथ मिलकर कोटखाई इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ पहले तो रेप किया फिर उसे बेरहमी के साथ मौत के घाट उतार दिया। अदालत के फैसला सुनाने के पहले दोषियों ने गुहार लगाई कि उन्हें अपने परिवारों का भरण-पोषण भी करना है। ऐसे में कम से कम सजा सुनाई जाए। जज ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह दुर्लभतम केस नहीं है ऐसे में मृत्यु दंड नहीं देकर उम्रकैद दी जा रही है।

आरोपी की हिरासत के मामले में पूर्व आईजी जैदी के अलावा कोटखाई के पूर्व स्टेशन हाउस अधिकारी मनोज जोशी, हिमाचल प्रदेश पुलिस के अधिकारी राजिंदर सिंह, दीपचंद शर्मा, मोहन लाल, सूरत सिंह, रफी मोहम्मद और रणजीत सिंह स्टेटा को भी सजा मिली। इस मामले में अदालत ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक दंदुभ वांगियाल नेगी को रिहा कर दिया है।

### क्या है पूरा मामला

हिमाचल के कोटखाई इलाके में अगस्त 2017 में इन आठों आरोपियों को सूरज सिंह नाम के एक आरोपी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। सूरज सिंह के ऊपर आरोप था कि वह 4 जुलाई 2017 को 16 साल की लड़की की रेप के बाद हत्या करने वाले 4 लोगों में शामिल था।

पुलिस की गिरफ्तारी के बाद 18 जुलाई को सूरज कोटखाई जेल में मृत अवस्था में मिला, जिसके बाद हिमाचल हाईकोर्ट ने दोनों मामलों की जांच सीबीआई को सौंप दी। सीबीआई ने कोर्ट में दायर अपनी रिपोर्ट में बताया कि रेप और हत्या के मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने गिरफ्तारी के बाद से ही सूरज सिंह को जमकर प्रताड़ित किया, जिससे उसको गंभीर चोटें आईं और इसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

इस रिपोर्ट पर शिमला पुलिस ने कहा कि आरोपी की मौत साथी कैदी के साथ झगड़े के दौरान हुई। हालांकि सीबीआई ने उनकी इस बात पर भरोसा न करते हुए अगस्त में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जहूर जैदी को एफआईआर होने के बाद निलंबित कर दिया गया था लेकिन 2023 में राज्यपाल ने उनके निलंबन को रद्द कर दिया था। अपनी सजा के समय पर वह हिमाचल प्रदेश में आईजी संचार के रूप में कार्यरत थे।

# एनवीएस-2 की कल होगी लॉन्चिंग : इसरो

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) का जीएसएलवी-एफ15 सैटेलाइट एनवीएस-दो के साथ आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार है। एनवीएस-2 उपग्रह को 29 जनवरी को शाम 6 बजकर 23 मिनट पर लॉन्च किया जाएगा। सोमवार को इसरो ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी।

इससे पहले इसरो ने रविवार को बताया कि उसके रॉकेट जीएसएलवी-एफ15 का सैटेलाइट एनवीएस-02 के साथ इंटीग्रेशन पूरा हो गया है। यह रॉकेट जिसमें स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज है, 29 जनवरी को लॉन्च किया जाएगा। इस रॉकेट पर सैटेलाइट एनवीएस-02 होगा। यह श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 100वां मिशन होगा।

नेविगेशन विद इंडियन कंस्टेलेशन भारत का स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। इसका उद्देश्य भारत और भारतीय जमीन से 1,500 किमी तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक पोजीशन, वेलोसिटी और टाइमिंग सेवाएं प्रदान करना है।

उल्लेखनीय है कि जीएसएलवी-एफ12 ने एनवीएस-01 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। एनवीएस-01 उपग्रह में एक स्वदेशी परमाणु घड़ी है, जो नैविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन (एनएवीआईसी) की क्षमताओं को बढ़ाती है। एनवीएस-02 मिशन इस प्रगति को जारी रखने की उम्मीद है, जो उन्नत सुविधाओं के साथ एनएवीआईसी प्रणाली को और मजबूत करेगा।

# एक नजर

## सरकारी आवास में हुई प्रधान सहायक की मौत

**चतरा** : जिले के मयूरहंड प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में पदस्थापित प्रधान सहायक मदन तिवारी की मौत दिल का दौरा पड़ने से हो गई है। वे जिले के सिमरिया प्रखण्ड के ईद बिरहु गांव को निवासी थे। सोमवार को मयुरहंड सरकारी आवास में उनकी मौत की पुष्टि उनके एकलौता पुत्र अंकित कुमार तिवारी ने की। दिवंगत ईटखोरी, सिमरिया, चतरा मुख्यालय समेत कई प्रखंडों में बतौर प्रधान सहायक (बड़ाबाबू) के रूप में अपना योगदान दे चुके थे। विभागीय प्रक्रिया के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। इनके निधन पर सोमवार को पत्थलगडा प्रखंड कार्यालय समेत अन्य प्रखंड में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी गई।

## बैडमिंटन मैच का हुआ आयोजन

**हजारीबाग** : मौलाना अबुल कलाम आजाद इनडोर स्टेडियम में सोमवार को एकदिवसीय ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन रियाज बैडमिंटन अकादमी के तत्वाधान और उनके देख रेख में किया गया। मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि संजय कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ तथा एनटीपीसी के जीएम प्रशांत सिंह ने किया। बतौर मुख्य अतिथि भैया संजय कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें दूसरे को हारना नहीं बल्कि स्वयं को जितना है। बच्चों को खेल भावना की सीख तथा आशीर्वाद दे कर मैच का शुभारंभ किया गया। बालक वर्ग में 28 टीम तथा बालिका वर्ग में छह टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में अनन्या गिरी एवं जोया नाग की जोड़ी ने अवनी खंडेलवाल एवं आराध्या की जोड़ी को 30-28 से हरा कर फाइनल का खिताब जीता। बालक वर्ग में जसमीत सिंह कालरा एवं अमित सिन्हा की जोड़ी ने सीधे सेटों में नील एवं ईशान साहा की जोड़ी को हराकर फाइनल का खिताब जीता। मैच को सफल बनाने में शहर के गणमान्य व्यक्तियों में मुन्ना सिंह,गौरव सोनी, डॉ शालिनी,डॉ राज, डॉ अनिल, माल्टा सर, डीएवी स्कूल की अरुणा मैडम,अंकित सानू, किशन,रॉबिन, रमीज,मिली शाह आदि का विशेष योगदान रहा।

## चालक को अगवा कर धान लदा ट्रक लूटने का आरोप

**कोडरमा** : कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में धान लदे ट्रक चालक को अगवा कर, धान समेत ट्रक लूटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर ट्रक चालक ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज करवाया है। कांड संख्या 13/25 में दर्ज मामले में ट्रक चालक सरवहना, खिजर सराय जिला गया। बिहार निवासी विनोद यादव ने कहा है कि ट्रक (बीआर01जीबी 5963) में धान लोड कर 24 जनवरी को पावापुरी से वर्द्धमान जा रहा था। रात्रि करीब 10 बजे कोडरमा घाटी के पास पहुंचने पर एक बड़ा ट्रक मेरे वाहन को ओवरटेक कर सामने खड़ा कर दिया और उक्त वाहन से अज्ञात तीन व्यक्ति मेरे वाहन पर चढ़ कर हथियार के बल पर मुझसे मारपीट किया। हाथ पैर बांध कर गाड़ी को कब्जे में ले लिया। कोडरमा घाटी से पार कर बरही हजारीबाग के पहले मुझे गाड़ी से धक्का देकर गिरा दिया और मुझे पेड़ से बांध कर धान लदे मेरे ट्रक को लेकर फरार हो गए। उसके बाद मैं अपने दांतों की मदद से रस्सी खोलकर बरही थाना गया जहां से मुझे कोडरमा थाना भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एक अन्य मामले में कोडरमा थाना क्षेत्र के सहाना रोड से कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्वाटर्ज पत्थर लोड एक ट्रक हो जब्त किया है। इस मामले में पुलिस के जरिये सीता राम तिवारी पिता छात्रधारी तिवारी धरगांव तिवारी टोला नवलशाही निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को स्थानीय नगर भवन में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवद उदघाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में गणतंत्र दिवस मनाने की अपील की। मौके पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, लघु नाटक आदि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देशभक्ति से हुई। इस दौरान कुल पन्द्रह कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मुख्य रूप से रागे श्री संगीत अकादमी द्वारा देशभक्ति समुह गीत, श्री माँ संगीतायन हजारीबाग द्वारा देशभक्ति समुह गीत, रोजबड स्कूल द्वारा नागपुरी लोक नृत्य, डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा सामुहिक नृत्य, इन्द्र गाँधी बालिका विद्यालय द्वारा देशभक्ति समुह नृत्य, संत कोलांबस कॉलेज द्वारा समुह नृत्य (संथाली), हेमन्त ग्रुप द्वारा सर्वधर्म सद्भावना नृत्य नाटिका, तरंग ग्रुप लोक बाल नृत्य, पुष्पदीप संगीय एवं नृत्य संस्था द्वारा देशभक्ति समुह नृत्य, सीएम बालिका उच्च विद्यालय द्वारा देश भक्ति नृत्य, नृत्य वाटिका डांस अकादमी द्वारा दक्षिण भारतीय लोक नृत्य, स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा झांसी की रानी नृत्यनाटिका, लाकांगन नृत्य विद्यालय द्वारा मराठी समुह नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके अलावा एन.ए. चौधरी द्वारा जादू के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के बच्चों को उपायुक्त के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन मनोज सिन्हा ने किया। मंच कार्यक्रम प्रबंधन प्रहलाद सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीडीसी इश्तियाक अहमद, एसडीओ राजकिशोर प्रसाद, डीपीओ पंकज तिवारी, डीडब्ल्यूओ सुभाष कुमार, सीओ सदर मयंक भूषण, कार्यपालक दंडाधिकारी सना उस्मानी की उपस्थिति रही इसके अलावे बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगन मौजूद थे।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज में धूम धाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पदमा** : पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजूकेशन में क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष अनूप कुमार मेहता के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया झंडोत्तोलन के उपरांत प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इसमें राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत गीत, नृत्य तथा भाषण प्रस्तुत किया गया। प्रो. अंशु लकडा तथा डॉ नीतू उपाध्याय के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रशिक्षुओं में गुनगुन कुमारी, प्रीति मिश्रा, प्रिया वर्मा, सोनम, निभा, एकता, भारती, कृष्ण मोहन, साहिल कमर, रूबी कुमारी, अंजली वर्मा, शिल्पी कुमारी, संजीत शर्मा, प्रिया मिश्रा तथा सुमन आदि प्रमुख रहे जबकि, मंच संचालन प्रशिक्षु विकी कुमार ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक तथा शिक्षककेत्तर कर्मचारियों में अपना योगदान दिया, खेल प्रशिक्षक प्रो. अविनाश कुमार की भूमिका सराहनी रही। मौके पर संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता ने कहा कि असीम संभावनाओं से भरे युवाओं के इस देश में हमें न केवल अपने अधिकारों की बल्कि कर्तव्यों को भी समझना होगा। निदेशक, रवि प्रकाश ने डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदानों पर चर्चा किया साथ ही प्रशिक्षुओं को यह संदेश दिया कि समाज में समानता के लिए उनकी माहिती भूमिका हो सकती है।

## एक मत का भी बहुत महत्व होता है : कुलपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मत के महत्व को समझना चाहिए। एकमत का भी बहुत महत्व होता है। उन्होंने कहा आगे कहा कि प्रत्येक भारतीय वयस्क मतदाता कोअपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य ही करनी चाहिए। उन्होंने सावधान करते हुए बताता कि इस अधिकार का सदुपयोग करते हुए सही व्यक्ति के पक्ष में मतदान करना भी उतना ही जरूरी है। विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने बताया कि प्रत्येक राष्ट्र को वैसी ही सरकार मिलती है जिसका कि वह लायक होता है। हम जैसा मतदान करेंगे हमें सरकार भी वैसी ही मिलेगी। समाजविज्ञान के संकाय अध्यक्ष सह विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सादिक रज्जाक ने मतदान के पीछे के मनोविज्ञान को समझाया। उन्होंने प्रलोभन से बच के मतदान करने के महत्व को बताया। इस अवसर पर विभागीय प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह ने चुनाव आयोग द्वारा जारी शपथ का सबको पाठ कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। इस अवसर पर मानवविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ विनोद रंजन, शिक्षाशास्त्री विभाग के प्राध्यापक डॉ मृत्युंजय प्रसाद, विभागीय शोधार्थी एवं दोनों समसत्र के विद्यार्थी अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

## शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान : बीडीओ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा** : पत्थलगडा और सिमरिया प्रखंड के सीमांत गांव जगरनाथी में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में पत्थलगडा, सिमरिया समेत आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में गणमान्य, पंचायत प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। विद्यालय का विधिवत उद्घाटन प्रमुख मनीषा कुमारी, बीडीओ कलिंदर साहू, अंचलाधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी सहित अन्य ने फिता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में पहुंचे अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। उद्घाटन समारोह में बीडीओ कलिंद्र साहू ने कहा कि शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान होता है। ऐसे क्षेत्र में विद्यालय खुलने से आसपास के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने कहा कि जगरनाथी जैसे जगह में विद्यालय खुलने से क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी। आज शिक्षा सभी के लिए अनिवार्य है। ऐसे में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले तो समाज आगे बढ़ेगा। विद्यालय के संचालक महादेव कुमार ने बताया कि यहां बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था की गई है। विद्यालय कैंपस को भव्य बनाया गया है। फिलहाल दो तल्ले में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर और विशेष तकनीक से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। अब अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई के लिए शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उनके यहां बाहर के उच्च शिक्षित शिक्षकों की टीम के द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था कराई गई है। क्षेत्र के अत्यंत निर्धन और बेसहारा बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जायेगी। उनका उद्देश्य क्षेत्र को एजुकेशन हब बनाना है।

## 30 जनवरी को बांझ महिला के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक की मिलेगी सुविधा : इमरान खान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ताजपुर पंचायत में संचालित दृष्टि आई हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दृष्टि आई हॉस्पिटल के निर्देशक इमरान खान ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व को समाज में प्रचारित करना और जरूरतमंद मरीजों की मदद करना है। इसके साथ ही 30 जनवरी 2025 को हमारे अस्पताल में एक विशेष एकदिवसीय प्रजनन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य उन दंपतियों को सहायता प्रदान करना है। जो गर्भधारण में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अंकुरम आईवीएफ के विशेषज्ञ चिकित्सक आधुनिक प्रजनन तकनीकों पर व्यापक परामर्श निःशुल्क प्रदान करेंगे। वही शिविर के मुख्य अतिथि ताजपुर पूर्व मुखिया शौकत खान ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो न केवल जिंदगी बचाता है बल्कि समाज में सेवा और मानवता की भावना को भी बढ़ावा देता है। खान ने कहा कार्यक्रम में अस्पताल के स्टाफ और स्थानीय लोगों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# बड़कागांव के इसको मेला में उमड़ी लोगों की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : झारखंड के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटन स्थल बड़कागांव के इसको में गणतंत्र दिवस के मौके पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। इसको निवासियों के अनुसार दावा किया जा रहा है कि गणतंत्र दिवस के मौके पर गणतंत्र दिवस का मेला झारखंड के बड़कागांव में ही आयोजित होती है। मेले में कई युवा के तिरंगा झंडा लेकर भी पहुंचे थे।मेले में भव्य भीड़ उमड़ी। मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए डीएसपी पवन कुमार ,थाना प्रभारी नेमाधारी रजक के नेतृत्व में पुलिस तैनात थी। मेले में सोहराय कला एवं कोहबर कला आकर्षण का केंद्र रहा। मेला का नेतृत्व अध्यक्ष कुलेश्वर मुंडा सचिन करो कश्यप कोषाध्यक्ष विशाल मंडा हरिनाथ मुंडा दिनेश मुंडा हरिनंदन मुंडा सोहर मुंडा सानू कश्यप संतोष मुंडा फूलचंद उरांव ने किया मेले का मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साहब शामिल हुए। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि यह मेला ऐतिहासिक स्थलों एवं लोगों को जोड़ता है। इसको गुफा एवं इसको का शैल चित्र पूरे भारतवर्ष में प्रसिद्ध है ।इसलिए यह मेला बहुत ही महत्वपूर्ण है ।उन्होंने यह भी कहा कि मेरी पार्टी की भले ही यहां से हार हुई है ,लेकिन मैं क्षेत्र के लोगों को किसी भी समस्या में हारने नहीं दूंगा। सुख-दुख में हमेशा काम आता रहूंगा, जो भी हमारे पार्टी को वोट दिए हैं, और जो नहीं दिए हैं। सभी के कल्याण के लिए काम करता रहूंगा। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंदर साव भी शामिल थे। मेला में म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। मेले में रूपा कुमारी, स्वर्णिम कुमारी, अलका रानी,नृत्य कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। आर्केस्ट्रा एवं मेला देखने के लिए महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों की अधिक भीड़ देखी गई। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकान बड़ों एवं बच्चों के लिए झूले लगाए गए थे।

**1990 में मेला हुई थी शुरू**

इसको निवासी सहायक अध्यापक हरिनाथ मुंडा ने बताया कि इसको गुफा की खोज 1990 में ब्लू इमाम ने किया था। यहां का कोहबर एवं सोहराई कला प्रसिद्ध रही है। इन गुफाओं तक लोगों को आने के लिए गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी 1990 में ब्लू इमाम द्वारा मेला शुरू की गई थी । हर वर्ष 26 जनवरी के दिन यहां मेला का आयोजन होता है।

**सैलानियों ने गुफा एवं शैली चित्र का लिया आनंद**

बड़कागांव के इसको मेला में विभिन्न गांवों एवं शहरों से लोग सिरकत हुए । मेले का आनंद लेने के बाद सैलानियों ने इसको गुफा ,इसको का शैल चित्र एवं विभिन्न आकृतियों के चट्टानों का आनंद लिया। मेले में विभिन्न गांव से लोग अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ आए। और प्राचीन काल के गुफाओं का अवलोकन भी किया।

# संक्षिप्त खबरें

## आबकारी विभाग ने 236 लीटर अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार




**चौपारण** : हजारीबाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय के विरुद्ध छापामारी निर्देश के आलोक में सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के मार्गदर्शन में हजारीबाग जिला उत्पाद टीम एवं गृहरक्षकों के साथ चौपारण थाना अंतर्गत ग्राम चोरदाहा के होटल में छापेमारी की गई। सोमवार को चोरदाहा स्थित न्यू रोशन ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट में आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी में अवैध विदेशी शराब 236.520 लीटर सहित एक युवक को किया गया गिरफ्तार। युवक की पहचान राहुल कुमार नेवरीकरमा के रूप में की गई। गिरफ्तार युवक को सुसंगत धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## हजारीबाग के समाजसेवी विजय सिंह की मां किरण देवी का निधन



**हजारीबाग** : हजारीबाग क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी विजय सिंह की माता किरण देवी का निधन हो गया। उन्होंने रांची के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। किरण देवी अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी और भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से परिवार और समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। किरण देवी अपने ममतामयी और स्नेहिल स्वभाव के लिए पूरे क्षेत्र में जानी जाती थीं। उनका जीवन समाज और परिवार के प्रति समर्पित था। उनका अंतिम संस्कार हजारीबाग के मुक्तिधाम में किया गया। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही समाज के कई गणमान्य लोग और क्षेत्रवासी शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। समाज के लोगों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि किरण देवी का जाना एक युग के अंत जैसा है। उनकी कमी को कभी भरा नहीं जा सकता। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## हमें समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी सभी प्रकार की जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए : डॉ अमित



**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं मिशन होस्पिटल में राष्ट्रीय महापर्व 76वें गणतंत्र दिवस काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कॉलेज में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। कॉलेज के सभी संकाय के एचओडी, डॉक्टर्स, कर्मी, यूजी एवं पीजी छात्र- छात्राएं शामिल होकर समूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया। तत्पश्चात देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण संग देशभक्ति की बयार बही। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मिशन होस्पिटल में संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सदस्य सह असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर डॉ अमित सोरेन ने झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। सामुहिक रूप से राष्ट्रगान को गाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया। देश के खातिर बलिदान देने वाले सेनानियों को एक विशेष दर्जा के साथ उनके जीवनी को भी याद कर अपने जीवन में स्मरण करने का संकल्प लिया एवं संविधान में अंकित आदर्शो व मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर देश के लोकतंत्र की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद दिलाने के साथ ही संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान करता है। देश के विकास के लिए नवाचार की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को प्रयास करना पड़ेगा। हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। मौके पर संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सदस्य सह असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर डॉ अमित सोरेन ने 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी सभी प्रकार की जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए। तभी हम अपने अधिकारों का पूरे मन से दावा कर सकते हैं। मौके पर विशेष रूप से डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. श्रीकृष्ण, निपम खलखो, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. दीपक कुरुप, अंकूर कुमार, एडमिन स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मी एवं कॉलेज के छात्र- छात्राएं शामिल रहे।

## कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में धूम धाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**कटकमसांडी** : कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र में 76 वां गणतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाया गया। गणतंत्रता दिवस के अवसर पर कटकमसाडी प्रखंड के सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयो, शिक्षण संस्थानो विभिन्न चौंक चौराहे में झंडो तोलन किया गया। कटकमसाडी प्रखंड मुख्यालय में 9.30 बजे प्रमुख संगीत देवी के द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया। 10.20 में सोभा पांडे के द्वारा कस्तुरवा विद्यालय में झंडा तोलन किया गया। कटकमसाडी थाना में थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार ओ पी पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय कटकमसांडी पैक्स में अध्यक्ष श्री राज किशोर सिंह के द्वारा झंडा फहराया गया कटकमसाडी सीएचसी में प्रभारी भूषण राणा, बीईईओ कार्यालय में बीईईओ नागेश्वर सिंह, कटकमसाडी+2 उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापिका विजय मसीह, कटकमसाडी पंचायत भवन में श्रुति पांडे,कंडसार पंचायत भवन में बीणा देवी, रोमी पंचायत भवन में साजदा खातून,खुटरा पंचायत भवन में अनवारूल हक, बरगढढा पंचायत भवन में रवि कुमार,पबरा पंचायत भवन में सोनी कुमारी,लुपूंग पैक्स में प्रभू दयाल मेहता, वही हेदलाग गोविंदपुर मंदिर चौक पर शिवदयाल राणा,के द्वारा निर्धारित समयानुसार झंडा तोलन किया गया। वही निजी विधालय और सरकारी विधालय में बच्चों के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# भूमि अधिग्रहण जनहित याचिका पर हाई कोर्ट सख्त, मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में भूमि अधिग्रहण विस्थापित और पुनर्वास किसान समिति की ओर से दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि पूर्व के आदेश का अनुपालन किया गया है या नहीं। इस पर प्रार्थी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अदालत के आदेश का अनुपालन अब तक नहीं किया गया है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए अदालत ने राज्य की मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। याचिका में खनन विभाग में एक ही व्यक्ति को दो पदों पर रखने को नियम विरुद्ध बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पक्ष रखा।

## बिरसा कृषि विवि रांची के कुलपति ने हेमन्त सोरेन से की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति डॉ० एस० सी० दुबे ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को कुलपति डॉ० एस० सी० दुबे ने बीएयू मैदान में आगामी 8 फरवरी 2025 से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय किसान एग्रोटेक मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के शैक्षणिक सहित अन्य महत्त्वपूर्ण गतिविधियों से भी अवगत कराया।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन किया गया है। अन्नपूर्णा सेवा संस्था की मीरा अडूकिया एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। दोपहर 1 बजे भगवान श्री राज श्याम जी को केसरिया खीर का विधिवत भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया ने अपने सुमधुर मनमोहक भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। एवं पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि गणतंत्र दिवस मे सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा सेवा धाम में बने भगवान श्री राधाकृष्ण मंदिर मे लगभग 15 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अमीर अल्ताफ
निदेशक - ग्लोब ग्रेस पब्लिक स्कूल पगमिल, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
झारखंड हॉस्पिटल
नियर छठ तालाब
नवाबगंज हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
शिवम अल्ट्रासाउंड
नियर पानी टंकी
नवाबगंज
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
मनोज कुमार
प्रज्ञा केंद्र संचालक, चैनपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
यादव बैठा
प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
मेरी लकड़ा
जिला परिषद
सदस्य चैनपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
सोभा देवी
मुखिया चैनपुर पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
राजेंद्र सिंह
महामंत्री, क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ, (एचएमएस)
कार्यकारी अध्यक्ष एसएमईएफआई सदस्य
एनजेसीएस एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी
हिंद मजदूर सभा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अंजली वर्मा
महिला पर्यवेक्षीका चैनपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
विवेक कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी, केरेडारी हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
पार्वती देवी
मुखिया सलगा पंचायत
केरेडारी, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
विवेक कुमार
थाना प्रभारी, केरेडारी हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
रोशनलाल चौधरी
विधायक बड़कागांव हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अंबा प्रसाद
पूर्व विधायक
बड़कागांव
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जितेन्द्र मण्डल
प्रखंड विकास पदाधिकारी, बड़कागांव हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
डॉ ओम प्रकाश मेहता
शिक्षाविद् पदमा, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
कालीचरण मेहता
समाजसेवी सोनपुरा पदमा
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
सुशांत मेहता
समाजसेवी रोमी पदमा हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
वेद प्रकाश पाण्डेय
थाना प्रभारी पेलावल, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
संदीप कुमार
थाना प्रभारी लोहसिंघना, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
मंजू देवी
पूर्व मुखिया सह समाजसेविका, पदमा हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
संजीव कुमार बेदिया
झारखंड मुक्ति मोर्चा
केंद्रीय सचिव सह
जिला मुख्य संयोजक
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
पप्पू मेहता
समाजसेवी पदमा हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
कुणाल किशोर
थाना प्रभारी मुफस्सिल, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
बिट्टू कुमार रजक
थाना प्रभारी बड़ा
बाजार, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
श्रवण कुमार
यातायात प्रभारी
यातायात थाना
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अनिल कुमार मेहता
मुखिया पदमा
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अपराजिता तिवारी
भारतीय जनता युवा
मोर्चा, हजारीबाग

## एक नजर

### जैन पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



**बोकारो** : जैन पब्लिक स्कूल में 76 वॉ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी। इसके पूर्व स्कूली बच्चों ने बैंड के साथ परेड किया। स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जैन मिलन के सचिव आलोक जैन, श्याम सुंदर जैन, डॉ महेंद्र जैन, बजरंग लाल चौरडिया, बिनोद चोपड़ा, सुभाष जैन, चंदन बांठिया,संजय जैन, मृत्युंजय कुमार, एवं स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### गोविंदपुर में अलग-अलग दुर्घटनाओं में 2 लोगों की मौत

**धनबाद** : गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर व बरवापूर्व में जीटी रोड पर हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। रतनपुर में खालसा होटल के पास सोमवार सुबह 9 .30 बजे हुई दुर्घटना में एक युवक इंजमाम अंसारी की मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई शहबाज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। इंजमाम गोविंदपुर के सरकारडीह गांव निवासी मोनाजरुल अंसारी का पुत्र था। मोनाजरुल सरकारी स्कूल में सहायक अध्यापक हैं। इंजमाम सरकारडीह के पूर्व मुखिया मोजाहिद अंसारी के पुत्र शहबाज के साथ बाइक से पंचेत पावर हाउस पर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को चपेट में ले लिया। घायल शहबाज का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दी। दूसरी घटना बरवापूर्व में दोपहर में हुई, जिसमें निरसा थाना क्षेत्र के रंगाडीह सिजुआ निवासी भगत मांझी (62 वर्ष) की मौत हो गई। वह बाइक पर पीछे बैठकर धनबाद की ओर जा रहे थे। तभी महिद्रा वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। भगत मांझी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भेजवाया।

### बोकारो में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बोकारो** : बोकारो जिले में रविवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में हुआ। सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि झारखंड प्रगति पथ निरंतर बढ़ रहा है। राज्य सरकार की विकास योजनाओं से राज्य व जिले की तस्वीर बदली है। आम जनता की स्थिति में भी सकारात्मक बदलाव दिखने लगा है। सरकार चुनाव से पहले जनता से किए वादों को धीरे-धीरे पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से अब तक जिले की कुल 3 लाख 75 हजार 187 महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। दिसंबर 2024 से सभी योग्य लाभुकों को 2500 रुपये उनके खातों में भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चन्दनकियारी के शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के आश्रित बलराम महतो को नियुक्ति पत्र दिया गया। विभिन्न विभागों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मौके पर आईजी डॉ माइकल राज एस, कोयला प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र झा, डीआईजी सीआरपीएफ, डीसी विजया जाधव, एसपी मनोज स्वर्गियारी, डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, चास एसडीओ प्रांजल ढांडा, डीटीओ वंदना शेजवलकर समेत विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


# कार्यपालक दंडाधिकारी, डीएसपी, थाना प्रभारी सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी व कर्मी हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी श्री आशुतोष कुमार सत्यम, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी धनबाद श्री राम नारायण ठाकुर, तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, विधि शाखा के चितरंजन कुमार सिन्हा, मो कदीर अंसारी, शशि प्रिया, आशीष रंजन राय, खोगेन मुर्मू, जनशिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा, अशोक कुमार रवानी, सुमित कुमार पांडेय, अरुण कुमार धारी, एसएनएमएमसीएच के डॉक्टर डी.पी. भूषण, डॉक्टर यू.के. ओझा, किरण कुमारी, श्रीमती सोना मुनी अड्डी, मो अमीर सज्जाद चिश्ती, सलोनी खालको, हरेंद्र कुमार गुप्ता, प्रवीण कुमारी, ललित कुमार मिश्रा, शंभू मालतो सम्मानित किए गए। साथ ही तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, अभियोजन कोषांग के आशुतोष कुमार, सीसीटीएनएस के गोविंद यादव, बैंक मोड़ थाना के सुमन सौरभ, धनबाद थाना के राकेश कुमार राम, झरिया थाना के प्रदीप लकड़ा सहित एसएसपी कार्यालय के दिलीप कुमार, महेंद्र कुमार तिवारी, शीला सोरेन, अन्नु कुमारी, अम्बी कुमारी, नारद मुनि, सिकंदर कुमार, देवंती कुमारी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सफाई मित्र संजू देवी, छोटू दुसाध, गुलाबो देवी, अर्जुन भुईयां, रीना देवी, सागर हाड़ी, सुनीता देवी, स्वच्छता पर्यवेक्षक चिंटू कुमार, सुनील कुमार राउत, महिला पर्यवेक्षिका मीनू कुमारी, सेविका उजाला खातून, फूल कुमारी, शबनम देवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया।

## बोकारो में लाखों की हुई चोरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो में लाखों की चोरी की घटना घटी है जहां गृहस्वामी अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए बाहर क्या गए चोरों ने मौका पाकर घर को पूरी तरह से कर दिया साफ। घर के अलमारी में रखे गहने, जेवरात और नगदी समेत सभी कीमती सामानों को लेकर हुआ रफूचक्कर। बीती रात की घटना। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस दल बल के साथ पहुंची सिटी डीएसपी। घटना बोकारो के सेक्टर 6 थाना क्षेत्र का। गृहस्वामी के आने के बाद ही पता चल सकेगा कितने की चोरी हुई है। पूरी घटना के बारे में बताते चले की बोकारो के सेक्टर 6 थाना क्षेत्र के सेक्टर 6 बी आवास संख्या 4040 में लाखो की चोरी का मामला सामने आया है। गृहस्वामी बीएसएल कर्मी है और अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए कलकत्ता गए हुए है। आज सुबह पड़ोसियों ने चोरी की घटना की सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सिटी डीएसपी अलोक रंजन और सेक्टर 6 थाना प्रभारी मौके पर दलबल के साथ पहुंचे जहां पीड़ित के परिजन भी मौजूद था। डीएसपी ने कहा की खिड़की की काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है और प्रथम द्दष्टया इस घटना में किसी कम उम्र के बच्चे शामिल हो सकते है ऐसा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा की डॉग स्क्वायड और फिंगर एक्सपर्ट का मदद लिया जा रहा है और बहुत जल्द घटना का उद्भेदन हो जाएगा। वही गृहस्वामी के परिजन का कहना है की वो चोरी की सूचना पाकर धनबाद से बोकारो पहुंचे है और चोरों ने घर का एक समान तक नहीं छोड़ा है। कीमती गहने सहित टीवी और सारे इलेक्ट्रॉनिक सामान को चुरा लिया है। उन्होंने कहा की चोरी कितनी की हुई ये गृहस्वामी के आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## रोटरी क्लब ऑफ स्टील सिटी ने गणतंत्र दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस पर क्लब प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और रोटरी क्लब परिसर में ही बोकारो जनरल अस्पताल के सहयोग से एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभा को संबोधित किया। तत्पश्चात रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस शिविर में रोटरी क्लब के सदस्यों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 26 यूनिट रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया। रक्त केंद्र, बीजीएच के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे महादान बताया। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को रक्तदान के शारीरिक और सामाजिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि 18 से 60 वर्ष की आयु के स्वस्थ पुरुष एक वर्ष में चार बार और महिलाएं तीन बार रक्तदान कर सकती हैं। रक्तदान से शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह स्वास्थ्यवर्धक है, क्योंकि शरीर 48 से 60 घंटे के भीतर खोए हुए रक्त को पुनः निर्मित कर लेता है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया जैसे रोगों से ग्रसित मरीजों को आवश्यक रक्त उपलब्ध कराना था। साथ ही, समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और यह सुनिश्चित करना था कि रक्त की कमी के कारण किसी की भी जान न जाए। इस आयोजन को सफल बनाने में बोकारो जनरल अस्पताल की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शिक्षा डिग्री नहीं, जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है : मिथलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : नवजीवन एकेडमी नुनुडीह में 26 जनवरी 2025 को 76 वें गणतंत्र दिवस भव्य, उत्साह, उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान और ध्वजारोहण के साथ हुई, इसके बाद, छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, संगीत, भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत किए गए, जो हमारे देश की विविधता और समृद्ध संस्कृति पर आधारित थे। इस गौरवपूर्ण अवसर पर संस्था के निदेशक मिथलेश दास ने अपने संबोधन में संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और 1950 में इस दिन की ऐतिहासिक उपलब्धि को याद करते हुए सभी को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। संस्था के निदेशक मिथलेश दास ने आपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, आप सभी भारत के भविष्य हैं। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है। एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना ही सच्ची देशभक्ति है। छात्र समर कुमार ने अपने प्रेरणादायक भाषण के माध्यम से संविधान की भावना और देश के प्रति कर्तव्यों को उजागर किया। छात्रा साक्षी पांडेय ने अपने ओजस्वी भाषण में गणतंत्र की उपलब्धियों और लोकतंत्र की शक्ति पर प्रकाश डाला। छात्र अभिषेक कुमार ने एक सुंदर देशभक्ति कविता प्रस्तुत की, जो हर किसी के हृदय को छू गई। छात्रा मोनी कुमारी ने अपने संगीतमय प्रस्तुति से कार्यक्रम में मधुरता का रंग भर दिया। छात्रा रोशनी टुडू ने अपने भाषण के माध्यम से देश के विकास में युवाओं की भूमिका और योगदान पर जोर दिया। छात्रा नरगिस प्रवीण ने संविधान की विशेषताओं, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं के साथ-साथ महिलाओं को मिले विशेष अधिकारों पर प्रभावशाली भाषण दिया। कार्यक्रम में नेहा कुमारी, रोशनी टुडू, नरगिस प्रवीण, सोनी कुमारी, साक्षी कुमारी, खुशबू कुमारी, भूमि कुमारी, साक्षी पाण्डेय, शोभा कुमारी, सरिता कुमारी, मोनी कुमारी, अभिषेक कुमार, रोहित साधु, अमर कुमार, आरजू परवीन, अली अरमान, सबनम प्रवीण, अमन कुमार, रामजीत कुमार, मोहम्मद सादाब, समर कुमार, सुमन प्रवीण, सईदा आरा समेत शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## चिन्मय विद्यालय के छात्र सीवीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रर्दशनी के लिए दिल्ली रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : सी.बी.एस.ई नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान प्रदशर्नी 2024-25 में भाग लेने के लिए चिन्मय विद्यालय की टीम दिल्ली रवाना हो गई है। एमिटी इंटरनेशनल स्कुल गुरुग्राम, हरियाण के तत्वाधान में सीबीएसई द्वारा अयोजीत तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदशर्नी में चिन्मय विद्यालय बोकारो की चार सदस्यों की टीम व दो स्कॉट टीचर के साथ दिल्ली रवाना हो गई। अव्यान नारायण कश्यप, केशव अग्रवाल, आकर्षिता झा, आस्था शूक्ला के साथ दो अनुभवी शिक्षक श्रेया गुप्ता एवं शुभम कुमार गुप्ता भी टीम में शामिल हैं। ज्ञात हो की 22 एवं 23 नवबंर को दिल्ली पब्लिक स्कुल, राँची में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदशर्नी में चिन्मय विद्यालय की टीम थी। दोनो वर्गो सीनियर एंव जुनियर केटेगरी में प्रथम आयी थी। प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा की विद्यार्थियों ने अपनी कुशल ज्ञान-कौशल से लगातार परिश्रम से इस उपलब्धि को प्राप्त किया है। बच्चों ने बहुत मेहनत से क्षेत्रीय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए हैं। सभी बच्चों के साथ शिक्षकों के कुशल मार्ग दर्शन के कारण बच्चों में आत्म विश्वास काफी बढा है और उन्होंने ये सफलता प्राप्त किया और दोनों ही वर्गो में सफलता प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रर्दशनी के चयनीत हुई विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों को उसकी जिज्ञासा एवं जरुरत के अनुसार सभी सुविधा उपलब्ध कराई गई। हमें पूर्ण विश्वास है कि राष्ट्रीय स्तर पर चिन्मय विद्यालय, बोकारो की टीम अभूतपर्व सफलता हासिल करेगी एवं बोकारो तथा झारखंड का नाम रौशन करेगी।

# वेदांता ईएसएल ने देशभक्ति और जोश के साथ भारत का 76वां गणतंत्र दिवस मनाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : वेदांता ईएसएल लिमिटेड, वेदांता समूह की एक कंपनी और भारत में एक अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक, न केवल बोकारो शहर बल्कि झारखंड राज्य और भारत देश के सामाजिक और आर्थिक विकास और विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता और योगदान जारी रखती है। वेदांता ईएसएल अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों की समग्र भलाई में सुधार के साथ-साथ पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है। भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वेदांता ईएसएल और उसके लोगों ने इस महत्वपूर्ण दिन को बहुत उत्साह और जुनून के साथ मनाया। सुबह 8:55 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में ईएसएल स्टील लिमिटेड के सुरक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा एक शानदार परेड शामिल थी, जिसके बाद वेदांता ईएसएल के सीईओ आशीष गुप्ता द्वारा भारत का तिरंगा फहराया गया। इसके बाद पूरे वर्ष में उनके उत्कृष्ट कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए व्यक्तियों के दो समूहों को सम्मानित किया गया। श्री गुप्ता जी के एक भावुक और अत्यंत प्रेरक संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। भारत के गणतंत्र दिवस को चिह्नित करने के लिए समारोह वेदांता ईएसएल के सियालजोरी प्लांट क्षेत्र के अंदर आयोजित किया गया और इसमें स्थानीय समुदायों और कर्मचारियों सहित 80 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 10 अत्यधिक प्रशंसित कर्मचारियों को पूरे वर्ष हाउसकीपिंग, सुरक्षा, 5 एस पहल और इन-हाउस निर्माण परियोजनाओं, जैसे बेंचों के निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए मान्यता दी गई और सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में वेदांता ईएसएल के सीईओ आशीष गुप्ता ने जोर देकर कहा कि सामुदायिक विकास और व्यवसाय विकास एक साथ चलते हैं। अपने संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली संबोधन में गुप्ता जी ने इस बात पर जोर दिया कि इस कंपनी के भविष्य को लेकर न केवल प्रबंधन बल्कि कर्मचारी भी कितने उत्साहित और प्रेरित हैं। उन्होंने अपने संक्षिप्त लेकिन उत्साहजनक भाषण में जोर देकर कहा कि वेदांता ईएसएल सिर्फ इस्पात उत्पादन से आगे बढ़कर, संयंत्र के आसपास और बोकारो शहर में रहने वाले स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर गर्व करता है। वेदांत ईएसएल सीएसआर के क्षेत्र में अथक प्रयास कर रहा है आस-पास के 12,253 छात्रों को शिक्षा में सहायता प्रदान की है; और आस-पास के 1,69,576 ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की हैं और 2071 लोगों को आजीविका प्रदान की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों व स्कूल कॉलेजों, चौक-चौराहों पर भी तिरंगा फहराया



**धनबाद** : बाघमारा एसडीपीओ कार्यालय में कतरास इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा पुरषोत्तम कुमार सिंह,सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद,तेतुलमारी थाना में थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव, बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम पीयूष किशोर,ब्लॉक 2 क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम अनूप कुमार राय,गोविन्दपुर क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम जी सी साहा,कतरास थाना में प्रभारी असीत कुमार सिंह,ईस्ट बसूरिया ओ पी रितेश कुमार दुबे,रामकनाली ओ पी में मंगल प्रसाद कुजूर,बरोरा थाना में प्रभारी गंगा सागर ओझा, बाघमारा थाना में प्रभारी चिरंजीत प्रसाद,लोयाबाद थाना में सत्यजीत कुमार, पंचायत भवन नगरीकला उत्तर में मूखिया राजेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकु महतो, नगरी कला दशीन पंचायत भवन में मूखिया अशोक कुमार,संत जेवियर्स स्कूल तेतुलमारीके निर्देशक राजकिशोर सिंह,सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में संस्थापक संरक्षक डॉक्टर हरदेव प्रसाद, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अध्यक्ष फूल सिंह, नेहरू महिला महाविद्यालय तेतुलमारी में प्राचार्य मनोज कुमार सिंह व सीमा मिश्रा,शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक महाविद्यालय सिजुआ में सचिव सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, टाटा स्टील जीएम कार्यालय सिजुआ कोलियारी के चीफ विकास कुमार,जोगता थाना में प्रभारी योगेंद्र कुमार, वीर एकलव्य मल्लाह चौक में ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी रूपेश कुमार दुबे, भूली ओपी अभिनव कुमार,धनसार थाना सूरज कुमार, झरिया थाना में शशि रंजन कुमार,नवजीवन एकेदमी नुनूडीह में मिथलेश दास ने सहित क्षेत्र के सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थान व स्कूल कॉलेजों चौक चौराहे पर भी तिरंगा फहराया गया।

### शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज में युवा महोत्सव का हुआ समापन



**धनबाद** : शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में चल रहे चार दिवसीय वार्षिक खेल कुद सह युवा महोत्सव 2025 का सम्मान सह पारितोषिक वितरण का रंगारंग समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय श्री मथुरा प्रसाद महतो टुंडी विधायक सह मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ झारखंड सरकार, अति विशिष्ट अतिथि डॉ राजशेखर सिंह पूर्व चीफ साइंटिस्ट एवं हेड पर्यावरण प्रबंधन ग्रुप सिंफर,विशिष्ट अतिथि पीयूष कुमार वरीय प्रबंधक, एच आर सिजुआ ग्रुप,विशिष्ट अतिथि श्री संजीव कुमार ठाकुर हेड सिजुआ कोलियरी, सम्मानित अतिथि डॉ जितेंद्र बनर्जी प्राचार्य एस पी एम इंटर कॉलेज सिंदरी। सभी अतिथियों को बुके,बैज एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। स्वागत नृत्य और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि टुंडी विधायक सह मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि आज कल के बच्चे सोशल मीडिया में बहुत अधिक व्यस्त रहते हैं और अपना कीमती समय बर्बाद करते हैं। खेल कूद से जीवन में बहुत से बदलाव लाए जा सकते हैं शारीरिक और मानसिक विकास के लिए यह बहुत ही जरूरी है। झारखंड सरकार खिलाड़ियों को बहुत तरह से मौके दे रही है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सीधे तौर पर नौकरी दे रही है शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज प्रतिवर्ष खेल कूद सह युवा महोत्सव का आयोजन करता है।

### उपायुक्त ने अपने आवासीय कार्यालय में किया झंडोत्तोलन



**बोकारो** : 76वे गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर 26 जनवरी 2025 को उपायुक्त विजया जाधव अपने आवासीय कार्यालय गोपनीय शाखा में झंडोत्तोलन किया। झंडोत्तोलन से पूर्व बोकारो जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री गिरजा शंकर प्रसाद, अपर नगर आयुक्त श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा, सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

### लोकतंत्र हमारी सबसे बड़ी ताकत : डॉ. गंगवार




**बोकारो** : दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सीनियर व प्राइमरी, दोनों ही इकाइयों में प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। उनके साथ-साथ सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर राष्ट्रगान गाते हुए तिरंगे को सलामी दी। हर कोई राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत दिखा तथा पूरा विद्यालय परिसर वंदे मातरम और मां भारती के जयकारों से गूंजता रहा। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारत के लोकतंत्र को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासियों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग होकर राष्ट्र के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपना दायित्व निभाने की आवश्यकता है।

### ओएनजीसी में मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस



**बोकारो** : ओएनजीसी,बोकारो द्वारा 76 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन कार्यालय अंतर्गत किया गया। परिसंपत्ति प्रबंधक श्री आदित्य जौहरी द्वारा झंडोतोलन किया गया। उक्त अवसर पर परिसंपत्ति प्रबंधक महोदय द्वारा गणतंत्र दिवस पर विस्तृत तरीके से अपना उद्बोधन दिया। श्री जौहरी ने स्वतंत्रता सैनानियों एवं संविधान रचयिता डॉ भीम राव अम्बेडकर को याद करते हुए संविधान पर अपना प्रकाश डाला। ओएनजीसी द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्य एवं उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। स्कूलों बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर ओएनजीसी के सभी अधिकारी ,कर्मचारी एवं उनके पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे ।

एक नजर

## चैनपुर में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

**चैनपुर :** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड के सरकारी व गैर सरकारी, शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ चौक चौराहों पर शान से तिरंगा फहराया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने झंडोत्तोलन किया जबकि थाना में थाना अध्यक्ष कुंदन चौधरी के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया इस मौके पर चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा अफीम की खेती के विरोध में शपथ दिलाई गई । वहीं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वन विभाग व चौक चौराहों सहित कई स्थानों में भी झंडोत्तोलन किया गया। गणतंत्र दिवस को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया खासकर बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। इधर बरवे मैदान में कई विद्यालयों के द्वारा सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस मनाया गया बरवे उच्च विद्यालय संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय संत जेवियर स्कूल संत माइकल स्कूल परमवीर अल्बर्ट इक्का मेमोरियल कॉलेज सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने परेड में भाग लिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुमला धर्म प्रांत की विशप स्वामी के द्वारा झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी उन्होंने अपनी संदेश में कहा कि संविधान के द्वारा बताया गया है।

# स्पेस रिसर्च की प्रगति का ही परिणाम है चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 की सफलता : गोपाल पाठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय और सिनोदिक स्पेस लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आज शुभारंभ हुआ। विवि परिसर में आयोजित हो रही इस कार्यशाला में दर्शक खगोलीय जानकारी से रूबरू होने के अलावा रात्रिकालीन खगोलीय अवलोकन भी कर पाएंगे। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल-कॉलेजों की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर विशेषज्ञ प्रखर जैन ने खगोलीय रहस्यों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों व शिक्षकों के सवालों का विशेषज्ञ प्रखर जैन ने जवाब भी दिया। कार्यशाला के पूर्व अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदमों की चर्चा की। उन्होंने इसपर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह हमारे स्पेस रिसर्च में लगातार हो रही प्रगति का ही परिणाम है कि आज चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 की सफलता पर दुनिया दांतों तले उंगली दबा रही है। आज के दौर में लोगों की आकाशगंगा और अन्य खगोलीय घटनाओं पर बढ़ रही रुचि की भी उन्होंने चर्चा की। एसबीयू को रिसर्च यूनिवर्सिटी में तब्दील करने और क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने के विवि परिवार के प्रयासों की भी उन्होंने जानकारी दी। अपने संबोधन में विवि के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में हमारे पूर्वजों के योगदान पर विस्तार से बताया। इस क्रम में उन्होंने प्राण, गति और मुहूर्त के साथ खगोलीय घटनाक्रमों के संबंधों पर प्रकाश डाला। आधुनिक विज्ञान और रूढ़िवादी मान्यताओं पर भी उपस्थित श्रोताओं को उन्होंने जानकारी दी। आईटी और मैनेजमेंट के इतर स्पेस सेक्टर में प्रचुर संभावनाओं पर भी उन्होंने फोकस करने का विद्यार्थियों से आह्वान किया। कार्यशाला के विषय में डॉ. बी. सामंता ने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सिनोदिक स्पेस लैब्स के सीईओ श्री प्रखर जैन, चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर श्री ललित शर्मा एवं श्री संकल्प जैन को सम्मानित किया गया। इसके अलावा गुरु नानक स्कूल के प्राचार्य कैप्टन सुमित कौर, जेवीएम श्यामली के शिक्षक कोऑर्डिनेटर श्री शशांक कुमार सिन्हा एवं सरला बिरला पब्लिक स्कूल के शिक्षक कोऑर्डिनेटर श्री आलोक कुमार और श्री नीलांशु कुमार को भी सम्मानित किया गया।

कार्यशाला के अवसर पर प्रतिभागियों को ग्रहों, तारों, तारामंडल और आकाशगंगा की विभिन्न खगोलीय घटनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव होगा। इसके लिए डॉबसोनियन, न्यूटोनियन एवं अन्य अत्याधुनिक टेलीस्कोप की सहायता ली जा रही है। कार्यशाला विवि को विज्ञान आधारित नॉलेज हब बनाने की दिशा में माननीय कुलपति के प्रयासों की दिशा में एक कड़ी है। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह एवं विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। विवि के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान ने कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## उषा मार्टिन में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**अनगड़ा :** उषा मार्टिन में गणतंत्र दिवस का महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसबीएन शर्मा ने कहा कि देश की आजादी का बहुत बड़ी कीमत हमने चुकायी है। ऐसे में इस आजादी को कायम रखने के लिए अधिकार के साथ कर्तव्यबोध जरूरी है। दायित्व के साथ ही भारत को आगे बढ़ा सकेंगे। यह कर्तव्य बोध हरेक नागरिक को अपने व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक जीवन में पालन करना होगा। श्री शर्मा ने कहा कि कारखाना के स्तर पर भी सुरक्षा व्यवस्था, उत्पादकता और समन्वय को बढ़ाने की जरूरत है, ताकि कारखाना निरंतर विकास करता रहे। झंडोत्तोलन के पूर्व कारखाना परिसर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा मार्च पास्ट निकाला गया, जिसकी सलामी एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर (मैन्युफैक्चरिंग) एसबीएन शर्मा ने लिया। झंडोत्तोलन अब्दुल अनीस अंसारी ने किया। इस अवसर पर बेहतर कार्य संस्कृति, स्वच्छता और सुरक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य करनेवाले सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित किया गया। एचआर हेड एनएन झा ने विगत एक साल के दौरान स्वच्छता एवं सुरक्षा में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। एसपी डिवीजन में झंडोत्तोलन आर0के0 जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में सुरक्षा प्रमुख मनोज पाण्डेय, एच आर विभाग से सुमित कुमार, माया ठाकुर, दिपेंद्र कुमार, अरमान सिंह यादव दीपू कुमार, गौतम कुमार सिंह, यूनियन के दशरथ महतो ,बिगना महतो, सुखदेव महतो, बादल बूतकुमार, बी०के० राय, प्रकाश बूतकुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन थॉमस वर्गीज और मनीष राज ने किया।

## जेपी हाई स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**अनगड़ा :** जे पी हाई स्कूल गोंदली में गणतंत्र दिवस का महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। स्कूल प्रांगण में डॉ अमर कुमार चौधरी और जलनाथ चौधरी ने झंडोतोलन किया छात्र छात्रों ओ ने परेड प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि देश की आजादी का बहुत बड़ी कीमत हमने चुकायी है। ऐसे में इस आजादी को कायम रखने के लिए अधिकार के साथ कर्तव्यबोध जरूरी है। दायित्व के साथ ही भारत को आगे बढ़ा सकेंगे। यह कर्तव्य बोध हरेक नागरिक को अपने व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक जीवन में पालन करना होगा। मौके पर जिला परिषद अनुराधा मुंडा भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू राजेश महतो विष्णु महतो रामशाय मुंडा प्रधानाध्यापक ब्रजेश महतो सकिचंद महतो बृजलाल महतो आदि शामिल थे।

# गणतंत्र किसान मेला पतराहातु में उमड़ी लाखों की भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पतराहातु :** सिल्ली ग्रामीण विकास केंद्र के तत्वाधान में आयोजित 36 वां गणतंत्र किसान टुसु मेला, पतराहातु में लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी आसपास के ग्रामीण पूरे जोश-खरोश के साथ ढोल-नगाड़ा, चौड़ल और सांस्कृतिक -दल के साथ उमड़ पड़े। मौके पर सिल्ली के विधायक श्री अमित कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। श्री महतो ने मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा टुसु मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसको बचाना हमारी नई पीढ़ी के लिए एक चुनौती है। उन्होंने गणतंत्र किसान मेला के आयोजन समिति की की प्रशंसा करते हुए कहा यह मेला एक सांस्कृतिक धरोहर रूप में स्थापित होने जा रहा है। कार्यक्रम को माकपा नेता सुफल महतो, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, कृषि विभाग के अनिल सिंह एवं भजोहरी महतो आदि ने भी संबोधित किया। इसके अलावा मेला में मुख्य रूप से हलधर महतो, कैलाश महतो, कृष्णा प्रमाणिक, भुवनेश्वर महतो, श्रीपद महतो, अक्षय महतो, अश्विनी महतो, नरसिंह महतो, दिनेश महतो, विनोद महतो, शैलेश हाजरा, चितरंजन महतो, गोबिंद महतो, भूपेंद्र महतो, महावीर महतो, गोपाल मांझी आदि उपस्थित थे।

# एसबीयू में मना 76वां गणतंत्र दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, विवि के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक व माननीय कुलपति प्रो. सी जगनाथन विशेष तौर पर उपस्थित थे। अपने संबोधन में डॉ प्रदीप वर्मा ने सभी से संविधान की मूल भावना के अनुरूप एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करने का प्रयास करने की अपील की। उन्होंने देश की विकास यात्रा में सभी को अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए भी कहा, जिससे देश निरंतर प्रगति के रास्ते पर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा, क्षमता और सांस्कृतिक विरासत हमें आगे बढ़ाने में पूर्ण रूप से सक्षम है। अतएव हमें हमारे महापुरुषों का अनुसरण करते हुए इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर हमें हमारे कर्तव्यों के सतत निर्वहन की सलाह दी। विवि की स्थापना के महज कुछ ही वर्षों के भीतर इसकी शानदार उपलब्धियों के विषय में उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों से सरला बिरला विश्वविद्यालय के साथ हुए एमओयू का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे विवि के इतिहास और छात्रों के हित में लाभप्रद बताया। माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने गणतंत्र भारत के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। उन्होंने भारतीय संविधान के मूल तत्वों को आत्मसात करने पर जोर दिया। विवि परिवार को इसके विजन और मिशन के अनुरूप पूरी निष्ठा से जुट जाने का उन्होंने आह्वान किया। कुलसचिव विजय कुमार ने भी संबोधित किया। झंडोत्तोलन कार्यक्रम की समाप्ति के बाद छात्रों की विभिन्न टीमों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और इंट्रैक्शन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## कुपोषित बच्चों को दिया गया संतुलित आहार

**खूंटी :** खटंगा पंचायत में आयोजित 15 दिवसीय आरोग्य रथ न्यूट्रिशन कैंप का समापन सोमवार को हुआ। कैंप का मुख्य उद्देश्य छह वर्ष से कम आयु के कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त आहार और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। इस विशेष पहल का संचालन खूंटी जिला प्रशासन और राजकुमारी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान 50 से अधिक कुपोषित बच्चों की पहचान की गई और उन्हें संतुलित आहार, स्वास्थ्य जांच एवं पोषण संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मौके पर बच्चों को प्रोटीन, विटामिन और खनिज युक्त संतुलित आहार उपलब्ध कराया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –BCD/EE/HAZARIBAG/37/2024-25, PR संख्या –338563 Building (24-25)-D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–13 ,कार्य का नाम–Construction of Boundary wall at Govt High School Chaithi, Vill-Papro, Chouparan, Dist-Hazaribag.को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.345211 Building(24-25):D

किसान कॉल सेंटर– 18001801551

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक- सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ (825101)
ई0मेल- atmaramgarh@gmail.com, वेबसाईट- atmaramgarh.org.in

-:सूचना:-

WALK-IN-INTERVIEW

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़ द्वारा CSR- Mushroom Cultivation परियोजना के संचालन/क्रियान्वयन हेतु अनुबंध के आधार पर पूर्णतः अस्थायी तौर पर Field Supervisor cum coordinator की नियुक्ति किया जाना है।

Field Supervisor cum coordinator की नियुक्ति हेतु अहर्त्ता निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | पदनाम | कुल पद | शैक्षणिक योग्यता | अतिरिक्त योग्यता | अनुभव | नियुक्ति का प्रकार | अनुबंध अवधि | एकमुश्त मासिक परिलब्धि (रू0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Field Supervisor cum coordinator | 02 | Graduate in Agriculture | (I) Computer literate | Desirable 02 years field experience in Mushroom Cultivation | संविदा आधारित | 06 माह | Consolidated Rs. 25000/- pm |

दिनांक – 03.02.2025 समय– पूर्वाह्न 11 बजे
स्थान – समाहरणालय सभाकक्ष, ब्लॉक– 'A', छत्तरमाण्डू, रामगढ़
नोट – विस्तृत जानकारी नियुक्ति शर्तें, आवेदन पत्र प्रारूप आदि के लिए रामगढ़ के NIC वेबसाईट https://ramgarh.nic.in एवं आत्मा के वेबसाईट www.atmaramgarh.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, रामगढ़

PR 345125 Agriculture (24-25)_D

# रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण से आम लोगों को हो रही परेशानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया (गिरिडीह):** सरिया स्थित रेलवे फाटक 20 बी (3 टी) के पास रांची-दुमका मुख्य मार्ग पर इन दिनों रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है। परंतु संवेदक की लापरवाही के कारण उत्पन हो रही समस्या के निराकरण को लेकर एस डी एम संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ सोमवार को एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक के पश्चात अधिकारियों ने कार्य स्थल का भी निरीक्षण किया। जिसके बाद रेलवे विभाग के संबंधित अधिकारियों तथा संवेदक को एसडीएम संतोष गुप्ता द्वारा कई निर्देश भी दिया गया। इस बैठक को लेकर एस डी एम ने कहा कि सरिया बाजार के लोगों एवं आम लोगों के द्वारा बार बार जन शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिसमें कार्य स्थल पर संवेदक के द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किए जाने,सड़क जाम समेत कई आरोप लगाए जा रहे थे। जिसे लेकर कार्यालय कक्ष में रेलवे के इंजीनियर, संवेदक के प्रतिनिधि, रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास अधिकारी आदि के साथ बैठक कर कई निर्देश दिए। जिसमें संवेदक द्वारा बायपास सड़क को आवागमन के योग्य बनाने,कोई भी गाड़ी इत्यादि खराब होने पर उसे स्थानीय प्रशासन द्वारा सहयोग करने,आवागमन के मध्य यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु संवेदक द्वारा यूनिफॉर्म में स्टाफ को लेवल क्रॉसिंग के दोनों तरफ सहयोग के लिए प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। जारी कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सड़क में निर्माण कार्य के दौरान हो रहे गड्ढे इत्यादि को अविलंब घेरने तथा रेडियम स्टिकर लगाने का निर्देश दिया गया। सड़क के दोनों तरफ के अवैध अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया।

# 38वें राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में नीतीश करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया का लाल नीतीश कुमार निशांत एक बार पुनः झारखंड टीम के फिजियो के रूप में 38 वें राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेगा। यह प्रतियोगिता देवभूमि उत्तराखंड के आठ जिलों के 12 शहरों में कुल 35 खेलों का आयोजन होगा। जिसमें झारखंड राज्य के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे। विभिन्न खेलो के खिलाड़ियों के साथ सरिया के नीतीश कुमार निशांत भी शिरकत कर रहे हैं। गौरतलब हो कि उत्तराखंड मे आयोजित होने वाले 20 दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 28 जनवरी को की जाएगी। ओपनिंग सेरिमनी में नीतीश कुमार निशांत भी राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आएंगे। बताते चलें कि नीतीश कुमार निशांत कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम के फिजियो के रूप में अपना योगदान दे चुके हैं। वर्तमान समय में नीतीश कुमार निशांत सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक कोडरमा के पद पर सेवारत है। राष्ट्रीय खेल में झारखंड टीम के प्रतिनिधित्व करने पर उनके परिजनों, खेल संघों तथा मित्रों ने खुशी व बधाई जाहिर की है। बधाई देने में झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मधु कांत पाठक, चीफ डी मिशन शिवेंद्र दुबे, झारखंड साइकिलिंग संघ के सचिव शैलेंद्र पाठक, चंचल भट्टाचार्य, कोडरमा के उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त कोडरमा ऋतुराज, प्रो राजकुमार मेहता, विजय वर्मा, दीपक सिंह, अशोक सिंह, सुबोध आदि शामिल हैं।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला पंचायत शाखा)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय स्तर पर डोर टू डोर सर्वे का कार्य किया गया है। झुमरी तिलैया, नगर परिषद् वर्ग (ख), कोडरमा, नगर पंचायत एवं डोमचाँच, नगर पंचायत का डोर टू डोर सर्वे के उपरान्त प्रपत्र–01 को संबंधित नगर निकाय कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं कोडरमा जिला के वेबसाईट koderma.nic.in पर दिनांक 25–01–2025 को प्रकाशित किया जाता है।

प्रकाशित प्रपत्र–1 पर यदि किन्हीं व्यक्ति का कोई दावा/आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के अन्दर संबंधित नगर निकाय के शिकायत निवारण पदाधिकारी–सह–प्रशासक के समक्ष अपना दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। समय–सीमा समाप्त होने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR345154 (Panchayati Raj)24-25*D

# सिमडेगा के ऐतिहासिक गांधी मेला का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** गणतंत्र दिवस के मौके पर सिमडेगा में लगने वाले ऐतिहासिक गांधी मेला का शुभारंभ सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ के द्वारा फीता काट कर किया गया। विधायक भूषण बाड़ा के द्वारा क्लब परिसर में झंडोत्तोलन किया गया। मौके पर उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी एवं अन्य के द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान कृषि विकास -सह- प्रदर्शनी मेला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कई किसान अपने-अपने बेस्ट कृषि उत्पादन फसल लेकर आते हैं और प्रदर्शनी में रखते हैं। किसानों के इन कृषि उत्पादनों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष इस कृषि मेला में कई तरह की सब्जियों के साथ साथ लोकल पैदा किए जा रहे सेव, संतरा, स्ट्रॉबेरी, अंजीर, मशरूम आदि भी प्रदर्शनी में रखे गए है। इसके अलाव जिले में उत्पादित तरह-तरह के फूलों को भी प्रदर्शनी में रखा गया है। इन उत्पादनों को देख जिले के अन्य किसानों को भी इस उत्पादन की खेती करने का प्रेरणा मिल रहा है। इस कृषि विकास मेला -सह-प्रदर्शनी में किसानों को प्रदर्शनी में रखे गए फसलों के उत्पादन की जानकारी देने के साथ-साथ कृषि विभाग सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध करा रही है। जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों ने कृषि विकास मेला -सह- प्रदर्शनी के स्टॉल में लगे विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जी की उत्पादन भ्रमण कर देखा। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में कृषि पदाधिकारी को कृषकों को प्रमोट करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने जिले की प्रगतिशील किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर सिमडेगा को कृषि उत्पादन में अग्रणी जिला बनाने का निर्देश दिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ F,-56/2024-25 (2nd Call) दिनांक – 27.01.2025

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 30.01.2025 ( अपराह्न 02:00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.02.2025 ( अपराह्न 05:00 बजे तक )
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08.02.2025 ( अपराह्न 02:00 बजे )

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1. Construction of Anganwadi Kendra Bhitar Serka Panchayat- Serka Block- Bishunpur Dist.- Gumla 2. Construction of Anganwadi Kendra Koinartoli Panchayat- Helta Block- Bishunpur Dist.- Gumla | बिशुनपुर | 2216400.00 | 44400.00 | 5000.00 | 06 माह |

नोट:–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागू होंगे ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR 345208 (Minor Irrigation)24-25*D

# संसार की शांति को नस्तनाबूद करती ट्रंप की दादागिरी

डा. रवीन्द्र अरजरिया

**वर्तमान में जिस तरह से अमेरिका, चीन, रूस सहित अनेक मुस्लिम राष्ट्र अपनी विस्तारवादी नीतियों पर मानवता की बलि देने पर तुले हैं, उससे भविष्यवाणी का प्रथम चरण प्रभावी होता दिख रहा है। यदि इसे झुठलाना है तो रेखांकित राष्ट्रों के आम नागरिकों को अपने देश की नीतियों-रीतियों की निष्पक्ष समीक्षा करके सकारात्मक आंदोलन छेडना होगा तभी मानव और मानवता संरक्षित रह सकेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समारोह में खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की मौजूदगी और उसके व्दारा खालिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाने की घटना ने अमेरिका के नवीन दृष्टिकोण की बानगी प्रस्तुत की है। सोशल मीडिया में यह वीडियो वायरल होने के बाद भी वहां की सरकार ने किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया है।

खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने स्वयं एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर किये, जिसमें वह राष्ट्रपति ट्रंप के आधिकारिक उद्घाटन (द लिबर्टी बॉल) के विशेष अतिथि होने का दावा भी करता है। खालिस्तान समर्थकों ने ही प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में आगजनी करने की जिम्मेवारी भी ली है। आतंकी सरगनाओं व्दारा अमेरिका, कनाडा, इंग्लैण्ड, चीन, दुबई, पाकिस्तान, बंगलादेश, तुर्किये, सीरिया, ईरान, ईराक आदि देशों में बैठकर भारत विरोधी एजेन्डा चलाये जा रहे हैं। खालिस्तानी आतंकवादियों के अलावा इस्लामिक कट्टरपंथी गिरोहों, अनेक जेहादी संगठनों, नक्सलवादियों, खूनी क्रान्ति के पक्षधरों तो अब हथियारों की सप्लाई करने वाले देशों के लिए एक बडी मण्डी बन गये हैं। विकासशील देशों की सरकारों को अस्थिर करने हेतु अनेक हथियार निर्यातक देश निविघ्न रूप से षडयंत्र कर रहे हैं। बंगलादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानस्तान, श्रीलंका आदि इसके जीवंत उदाहरण हैं। अमेरिका के खास नुमाइन्दों ने पहले बंगलादेश की सरकार को अपने प्रभाव में लेने का प्रयास किया जब सफल नहीं हुआ तो वहां पर छात्र आन्दोलन की आड में आतंक फैलाना शुरू कर दिया। बंगलादेश की वर्तमान सरकार भी अमेरिका का ही एक सफल अभियान था। वर्तमान में बंगलादेश का पाकिस्तान प्रेम और चीन की ओर दिखने वाला बनावटी झुकाव भी अमेरिका की ही कुटिल चाल का परिणाम है ताकि भारत अपनी विकास यात्रा के लक्ष्य को भूल कर सीमाओं की सुरक्षा में जुट जाये। दूसरी ओर मणिपुर में मैतेई और कुकी लोगों के मध्य आतंकवादियों की घुसपैठ करवाने के बाद वहां हमले शुरू करवा दिये गये। राज्य में मैतेई समाज की 64.6 प्रतिशत जनसंख्या होने के बाद भी उन्हें 10 प्रतिशत भूभाग में ही समेट दिया गया है। आतंकियों के व्दारा स्थानीय लोगों पर जुल्म ढाने का लक्ष्य हासिल करने वाले षडयंत्रकारी अब रक्तरंजित खेला करने में जुट गये हैं। यही हाल पश्चिम बंगाल का है जहां बंगलादेशियों की भरमार है। इस राज्य के घुसपैठिये अब समूचे देश में फैल चुके हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में सैफ अली खान पर हमला भी बंगालादेशी ने ही किया था। यह प्रसिध्द व्यक्ति पर किया गया आपराधिक कृत्य था, सो चर्चा में आ गया अन्यथा ऐसी वारदातें तो देश के कोने-कोने में रोज ही हो रहीं हैं। मीरजाफरों की फौज के साथ मिलकर रोहिंग्या मुसलमान और बंगलादेशी सहित अनेक घुसपैठिये अपने भारतीय नागरिकता संबंधी दस्तावेज तैयार करवा लेते हैं और शान से अपराध की दुनिया में कदम रखकर चन्द दिनों में ही करोडपति बन जाते हैं। दुकानों पर नौकरी ढूंढने वाले कुछ सी समय में आलीशान बंगलों, कारों और व्यवसायों के मालिक बनकर राष्ट्रद्रोही राग अलापने लगते हैं। विदेशी आकाओं के इशारे पर इन असामाजिक तत्वों को तत्काल राजनैतिक संरक्षण भी मिल जाता है। अमेरिका, चीन और पाकिस्तान के हथियार विक्रेताओं के साथ-साथ अनेक मुस्लिम देशों में बनाये जाने वाले ड्रोन सहित घातक विस्फोटक बेचने वाले भी नियमित रूप से इन असामाजिक तत्वों को अग्नेय शस्त्र बेच रहे हैं। इस तरह की अवैध आपूर्ति का भुगतान षडयंत्रकारी देशों की सरकारों के इशारों पर उनकी गोद में बैठे संदिग्ध धनपशुओं व्दारा आतंकी सरगनों को खुलेआम किया जा रहा है। विदेशों में सुरक्षाचक्र के अन्दर से इनामी बदमाश आये दिन धमकियां देने, अपने सिपाहसालारों से अशांति फैलाने, राष्ट्र विरोधी गतिविधियां चलाने जैसे काम कर रहे हैं। दुनिया का स्वयंभू ठेकेदार बन बैठे अमेरिका ने इजराइल को घुटनों पर ला दिया और अब रूस पर दबाव बना रहा है। हमास ने मात्र तीन बंधकों के बदले में 100 खूंखार आतंकी छुडा लिये जो आने वाले दिनों में अनगिनत लोगों पर मौत बनकर मडरायेंगे। इस समझौते से दुनिया भर के आतंकवादियों के हौसले सातवें आसमान पर पहुंच गये हैं। तालिबान के बाद हमास की जीत से मुस्लिम कट्टरपंथियों के आतंकी गिरोहों ने अमृतपान कर लिया है। वे रक्तबीज बनकर समूची दुनिया में मनमानियां करने के लिए युध्दस्तर पर जुट गये हैं। मुख में राम, बगल में छुरी की कहावत को चरितार्थ करने वाला अमेरिका हमेशा से ही धोखेबाजी का मुखिया रहा है। वर्तमान में वहां के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणाओं से तो समूचा संसार आश्चर्यचकित है। नागरिकता वाले मुद्दे पर तो वहां के न्यायालय तक ने दांतों तले अंगुलियां दबा लीं हैं। सिएटल में संघीय न्यायाधीश जान कफेरोन ने ट्रंप के सिटिजनशिप आर्डर पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश ने 22 राज्यों तथा अप्रवासी अधिकार समूहों की याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रपति के आदेश को असंवैधानिक करार दिया है।



याचिकाकताओं ने ट्रंप के फरमान को वहां के संविधान के 14वें संशोधन के नागरिकता खण्ड में निहित अधिकार का उल्लंघन बताया जबकि न्याय विभाग के वकील ब्रेट शउमेट ने अपना पक्ष रखने के लिए और समय मांगा यानी सरकारी वकील भी ट्रंप के आदेश के संवैधानिक धरातल से अनभिग्य थे। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि संसार की शांति को नस्तनाबूद करती ट्रंप की दादागिरी से आने वाले समय में समस्याओं का अम्बार लगने की संभावना बलवती होती है। तेल के दाम पर नियंत्रण, निवेश का दबाव, आयात करने को मजबूर करने वाले प्रस्ताव, विश्व संगठनों को मुट्ठी में लेने की कोशिशों सहित अनेक कार्यो की बानगी देखने को मिल गई है। ऐसे में प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में पधारे अघोरी बाबा कालपुरुष की भविष्यवाणी सत्य होती प्रतीत हो रही है जिसमें उन्होंने कहा था कि मैं पिछले सात महाकुम्भों में आया हूं, हर बार मैं इस क्षेत्र से चला हूं लेकिन इस बार संकेत अलग हैं, दाह संस्कार स्थल पर कौवे एक अलग ही गाना गा रहे हैं, मुर्दे ज्यादा बेचैन होते हैं, चिता जल जायेगी, हवा काली हो जायेगी, नदी को सब याद है जो आदमी भूल गया, जब गंगा रोयेगी तो आंसू मैदानों पर गिरेंगे, धरती अपनी सांसे बदल रही है, पहाड अपनी बर्फ छोड देंगे, कई मंदिर धरती पर लौटेंगे, जब नदी अपना रास्ता बदलेगी तो शहरों को एहसास होगा कि वे उधार की जमीन पर बसे हैं, अगले चार वर्ष में आकार लेंगे जिसे मनुष्य स्थाई या शाश्वत मानते है, यह शुरू हो गया है। अघोर साधना को समर्पित बाबा कालपुरुष के अनगढ और अटपटे शब्द संकेत ठीक नास्त्रेदमस की तरह ही हैं जिनका विस्तार अध्यात्मिक संकेतों के विश्लेषक या फिर अघोर पंथ के किसी बडे तपस्वी से ही जाना जा सकता है। मगर वर्तमान में जिस तरह से अमेरिका, चीन, रूस सहित अनेक मुस्लिम राष्ट्र अपनी विस्तारवादी नीतियों पर मानवता की बलि देने पर तुले हैं, उससे भविष्यवाणी का प्रथम चरण प्रभावी होता दिख रहा है। यदि इसे झुठलाना है तो रेखांकित राष्ट्रों के आम नागरिकों को अपने देश की नीतियों-रीतियों की निष्पक्ष समीक्षा करके सकारात्मक आंदोलन छेडना होगा तभी मानव और मानवता संरक्षित रह सकेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## संपादकीय

### ममता कुलकर्णी का ग्लैमर से वैराग्य का सफर

कई लोग सफलता और भौतिक सुख को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य मान लेते हैं, लेकिन जिंदगी कब-कहां लेकर चली जाए, कौन जानता है। चर्चित हीरोइन का किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बन जाना बहुत कुछ सोचने को मजबूर करता है। ममता कुलकर्णी लंबे समय तक ग्लैमर की जिस दुनिया में रहीं, वह दुनिया जितनी आकषर्क दिखती है, उतनी ही मुश्किल भी है। ममता का जीवन भी इससे अछूता नहीं रहा। जैसे-जैसे उनकी लोकप्रियता बढ़ी, वैसे-वैसे विवाद भी उनके जीवन का हिस्सा बनते गए लेकिन ग्लैमर और ऐर्य से भरी जिंदगी को छोड़ कर वैराग्य के जिस सफर पर वह चल पड़ी हैं, यह कोई सहज मोड़ नहीं है। किसी भी व्यक्ति के लिए वैराग्य का मार्ग अपनाना बहुत कठिन होता है। लेकिन ममता ने यह कदम उठाया है और अध्यात्म के जरिए आत्मिक शांति की खोज शुरू की है तो इसके कुछ निहितार्थ तो होंगे ही। मायानगरी मुंबई में पहचान बनाना लाखों युवाओं का सपना होता है। हर युवा बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में प्रवेश करना और उसमें अपनी पहचान बनाना चाहता है। ममता का भी यह सपना था, जिसे उन्होंने साकार किया। नब्बे के दशक में ममता कुलकर्णी चर्चित अभिनेत्रियों में से एक रहीं। बॉलीवुड में उन्होंने ह्यवक्त हमारा हैह्न,ह्यचाइना गेटह्न, ह्यसबसे बड़ा खिलाड़ीह्न, ह्यक्रांतिवीरह्न, ह्यबाजीह्न, ह्यकरण-अर्जुनह्न जैसी तमाम फिल्मों से अलग पहचान बनाई लेकिन ग्लैमर और सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद उन्होंने जिस तरह अपनी जिंदगी की दिशा बदली है, वह उनके जीवन में आए उतार-चढ़ावों को दशार्ने के लिए काफी है। एक ओर जहां उनके ग्लैमरस फोटोशूट और बोल्ड व्यक्तित्व ने उन्हें मीडिया की सुर्खियों में बनाए रखा, वहीं उनका नाम कई विवादों से भी जुड़ा। इसके उपरांत धीरे-धीरे वह फिल्मी दुनिया से दूर होती चली गई। फिल्म संसार से गायब होने के बाद ममता ने अध्यात्म की राह चुनी। खुद को मीडिया और सार्वजनिक जीवन से दूर ले गई। धीरे-धीरे उनका जुड़ाव आध्यात्मिकता की ओर बढ़ता गया। ममता की 2013 में आई किताब ह्यऑटोबायोग्राफी ऑफ एन योगिनीह्न भी इस तरफ इशारा कर रही थी। ममता ने एक दशक पहले कहा था कि कुछ लोग दुनिया के कामों के लिए पैदा होते हैं जबकि कुछ ईर के लिए पैदा होते हैं। मैं भी ईर के लिए पैदा हुई हूं। ममता ने फिल्मी दुनिया से दूर होकर अध्यात्म का रास्ता अपना लिया है। महाकुंभ के दौरान उन्हें किन्नर अखाड़े ने महामंडलेर की उपाधि दे दी है। वैराग्य धारण करने के बाद ममता को नया नाम ममतानंद गिरि भी मिल गया है। जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव देखने के बाद ममता शायद यह सोच कर संन्यासिन बनी हैं कि सच्ची खुशी और शांति बाहरी दुनिया में नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों में होती है। ग्लैमरस हीरोइन से महामंडलेर तक की उनकी यात्रा से यह संदेश तो मिलता ही है कि जिंदगी में कभी भी नई शुरूआत की जा सकती है। ममता ने विवादों और संघर्ष से घिरने के बावजूद अपनी राह

## चिंतन-मनन

### अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया। भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे। एक कृषक को उपदेश सुनने की बड़ी

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के 10 साल पूरे : विकसित भारत के लिए महिला नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने का सफर जारी

जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपनी मंज़िल की तरफ आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का परिवर्तनकारी प्रभाव इस बात का प्रमाण है, कि हम महिलाओं के विकास से महिला-नेतृत्व में विकासतक के सफर में कितने आगे आ गए हैं।

स्वामी विवेकानन्द ने एक बार कहा था, "जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक विश्व के कल्याण की कोई संभावना नहीं है। किसी भी पंछी के लिए महज एक पंख के साथ उड़ना संभव नहीं है।" उनके इस कालजयी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की शुरूआत की। इस ऐतिहासिक पहल का मकसद भारत में गिरते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) पर ध्यान देना और यह सुनिश्चित करना था कि देश भर में लड़कियों और महिलाओं को वे सभी अवसर, देखभाल और सम्मान मिलें, जिनकी वे हकदार हैं।

2011 की जनगणना में बाल लिंग अनुपात 918 होने के साथ सामाजिक पूर्वाग्रहों और नैदानिक उपकरणों के दुरुपयोग की चिंताजनक तस्वीर सामने आई। एक लक्ष्य के साथ तथा जीवन-चक्र-केंद्रित कदमों के जरिए, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को न केवल इस तस्वीर को बदलने के लिए लॉन्च किया गया था, बल्कि एक ऐसे भविष्य की नींव भी रखी गई, जहां महिलाएं नेतृत्व करें और आगे बढ़ें।

पिछले एक दशक में, इस योजना ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के अनुसार, 2014-15 में जन्म के समय राष्ट्रीय लिंग अनुपात 918 से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है। संस्थागत प्रसव के मामले भी 2014-15 में 61% से बढ़कर 2023-24 में 97.3% हो गए हैं, जबकि पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61% से बढ़कर 80.5% हो गया है। माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 75.51% से बढ़कर 2021-22 में 79.4% हो गया। इसके अलावा, पुरुष और स्त्री नवजात शिशुओं के बीच शिशु मृत्यु दर में अंतर तकरीबन खत्म हो गया है,



जो उत्तरजीविता और देखभाल में समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन, आंकड़ों में सुधार की सीमा से कहीं आगे निकल गया है।इसने महिला सशक्तिकरण के मायने ही बदलकर रख दिए हैं। अक्टूबर 2023 में 150 महिला बाइकर्स द्वारा 10,000 किलोमीटर की यात्रा, यशस्विनी बाइक अभियान जैसी पहल, भारत की बेटियों के अदम्य साहस का प्रतीक है। 2022 में कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव ने, स्कूल न जाने वाली करीब 1,00,786 लड़कियों को फिर से स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया, जो जीवन को बदलने में शिक्षा की शक्ति का प्रदर्शन है। कौशल विकास पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन ने, कार्यबल में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया, जिससे हम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के अपने दृष्टिकोण के और करीब आ पाए।

आज, जब हम इस परिवर्तनकारी पहल के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, साफ है कि मिशन अभी खत्म नहीं हुआ है। हमें अगर विकसित भारत के अपने सपने को हासिल करना है, तो यह तय करना जरूरी है कि लड़कियां और महिलाएं हमारे राष्ट्र-निर्माण प्रयासों के केंद्र में रहें। भारत तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक इस देश की लड़कियाँ और महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के काबिल नहीं हो जातीं। यह हमारे लिए निर्णायक कार्रवाई करने का वक्त है। हमें गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम 1994 के कार्यान्वयन को मजबूत करना चाहिए, शिक्षा में ड्रॉपआउट दर को संबोधित करना चाहिए, कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करना चाहिए और लड़कियों के जीवन के हर चरण में जरुरी मदद देनी चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए, भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी 41.7% थी। हालाँकि यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है, लेकिन फिर भी यह पुरुषों की श्रम शक्ति भागीदारी के मुकाबले कम है। गौर करने की बात यह भी है कि शहरी क्षेत्रों में महिला श्रम बल की भागीदारी, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला श्रम बल की भागीदारी से कम है।

भारत में बड़ी संख्या में महिलाएँ अवैतनिक घरेलू देखभाल कार्य में शामिल हैं। हमारा प्रयास न केवल अधिक महिलाओं के लिए अपने घरेलू क्षेत्रों को छोड़कर घर से बाहर रोजगार करने के लिए एक माहौल को बढ़ावा देना होना चाहिए, बल्कि एक वाजिब कैरियर और पेशे के तौर पर देखभाल कार्य को बढ़ावा देने के साधन भी बनाने चाहिए, ताकि जो महिलाएं देखभाल कार्य में प्रशिक्षित हैं, और इसे आगे बढ़ाना चाहती हैं, तो वे इससे भी वित्तीय आजादी हासिल कर सकें और अपने प्रयासों से देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान भी दे सकें। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, कार्यबल लिंग में अंतर को कम करने से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 20% की वृद्धि हो सकती है। भारत के लिए, यह सिर्फ एक अवसर नहीं है, बल्कि एक जरूरत है।

महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए बेहद जरूरी है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना महज एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है, जिसने लाखों लोगों को प्रेरित किया है और महिलाओं को भारत की प्रगति में सबसे आगे खड़ा किया है।

हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, आज हम एक ऐतिहासिक बदलाव देख रहे हैं।

महिला विकास से लेकर महिला नेतृत्व वाले विकास तक, भारत की बेटियां चेंजमेकर, उद्यमी और नेता के रूप में उभर रही हैं। वे अपनी कामयाबी की कहानी की हीरो खुद हैं। आइए हम सब मिलकर उनके सपनों को संजोएं और उनकी यात्राओं को सशक्त बनाएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत अपनी आजादी के 100 साल एक ऐसे राष्ट्र के रूप में पूरे करे, जहां हर महिला इसके भाग्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएं।

# मुद्दा : बरसों की आजादी और वर्तमान का विकास



रविशंकर

फरवरी 1, 2025 को पेश होने वाले आम बजट से किसानों को बड़ी उम्मीदें हैं। किसानों की नजरें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ऐलानों पर टिकी हैं। देश की कुल आबादी और श्रम बल का 70 फीसद ग्रामीण इलाकों में रहता है। अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ाने के लिए उनकी क्रय शक्ति बढ़ाना जरूरी है। बजट में खेती-किसानी को लेकर सरकार कई बदलाव कर सकती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि क्षेत्र जलवायु बदलावों के चलते मुश्किल दौर में है। कृषि अर्थव्यवस्था का 15 फीसद हिस्सा है और 1.4 अरब लोगों को भोजन मुहैया कराती है। लेकिन मौजूदा समय में कृषि विकास दर घट कर 1.4 फीसद रह गई है। ऐसे में बजट कृषि क्षेत्र को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का अहम मौका है। कृषि क्षेत्र की सकारात्मक वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है क्योंकि अर्थव्यवस्था के कई सेक्टरों में मंदी का दौर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र बढ़ता है, तो न केवल किसानों की आय बढ़ाएगाङ्क बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार अवसर भी सृजित करेगा। कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी जिससे निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार भी मजबूत होगा। पिछले कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र ने साबित किया है कि यह अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ है। खासकर प्राकृतिक आपदाओं और महामारी जैसी परिस्थितियों में।

बहरहाल, भारत में कृषि निर्यात बढ़ाने की क्षमता है लेकिन किसानों के सामने कई समस्याएं हैं। कृषि क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन, कच्चे माल की बढ़ती लागत, बंटी हुई जोत, कमजोर कृषि उपकरणङ्क कम उत्पादकता और बेरोजगारी से निपटने के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। एक अध्ययन बताता है कि जलवायु झटके मसलन सूखा, बाढ़, लू, शीत लहर आदि कृषि उत्पादकता वृद्धि में 25 फीसद तक की कमी लाए हैं। दूसरी तरफ, बीते एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में मेहनताने में वृद्धि या तो कम रही है, या फिर नकारात्मक जबकि मनरेगा के तहत रोजगार की मांग अभी भी अधिक है। उम्मीद है कि बजट में पीएम-किसान सम्मान निधि योजना, मनरेगा और पीएम-आवास योजना में फंड का आवंटन बढ़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में मांग और निजी निवेश बढ़ाने के लिए मेहनताने में इजाफा जरूरी है। गौर करने वाली बात यह है कि कृषि प्रधान देश भारत में आजादी के 77 साल बाद भी किसानों की समस्याएं दूर नहीं की जा सकी हैं।

किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है। ज्यादातर किसान अपने बच्चों को खेती की जिम्मेदारी नहीं सौंपना चाहते। कृषि व्यवस्था में पूरी जिंदगी खपाने वाले किसान खेती को घाटे का सौदा बताते हैं। आखिर, क्या कारण हैं कि तमाम प्रयासों के बावजूद कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर पाई है जबकि भारत विश्व की टॉप पांच सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। योजनाबद्ध तरीके से कृषि में निवेश के बाद भी भारतीय किसान दूसरे देशों के मुकाबले पिछड़ा हुआ है। देश की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता वैश्विक औसत से कम है। किसानों के असंतोष का सबसे बड़ा कारण उपज का सही मूल्य न मिलना है। किसानों के लिए नीति-निर्धारक समय-समय पर जो उपाय करते हैं, वे तात्कालिक राहत पहुंचाने वाले होते हैं। जरूरत ऐसे संरचनात्मक उपायों की है जो दीर्घकालिक हों और किसानों की समस्या को स्थायी तौर पर हल कर सकें। जैसे-यूनिवर्सल बेसिक इनकम जैसी योजना। इससे हर महीने निश्चित आय हो सकेगी और किसान उपज को औने-पौने दामों पर बेचने को विवश नहीं होंगे। लेकिन वास्तविकता यह है कि बिजली-पानी, खाद, कृषि के बुनियादी ढांचे, विपणन और जोखिमों का सामना करने की क्षमता आदि जैसी समस्याओं को ही दूर करने में हम विफल रहे हैं।

कृषि को अभी तक की सरकारें सिर्फ देश की अवाम का पेट भरने तक का ही संसाधन मानती आई हैं। कृषि के माध्यम से जीडीपी बढ़ाने पर कभी गहन मंथन नहीं हुआ। देश के अलग-अलग हिस्सों में



किसानों की समस्याएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन कुछ समस्याएं हैं, जो सब किसानों के साथ हैं। पिछले कई सालों से खेती की लागत जिस तेजी से बढ़ी है, उस अनुपात में फसलों के दाम बहुत कम बढ़े हैं। कृषि क्षेत्र में दबाव कम करने और ग्रामीण मांग बढ़ाने की जरूरत है ताकि टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित हो सके और उत्पादक रोजगार तैयार हो सकें। इससे किसानों, युवाओं और महिलाओं को लाभ होगा। बजट को गरीब समर्थक नीतियों और राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के बीच संतुलन कायम करना होगा। राजस्व बढ़ाने, कर रियायत कम करने और अनुत्पादक गतिविधियों में व्यय कम करने पर काम करना होगा ताकि कृषि समर्थक लक्ष्य हासिल हो सकें।

## एक नजर

### तपकरा में दो फरवरी को शहीद दिवस, बंद रहेंगे सभी पिकनिक स्थल

**खूंटी** : तोरपा प्रखंड के तपकारा में दो फरवरी को आयोजित होनेवाले शहीद दिवस को लेकर कोईल कारो जनसंगठन की शीर्ष कमेटी की बैठक सोमवार को तपकारा के शहीद भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षत कमेटी के उपाध्यक्ष अनाक्लेतुस कंडुलना ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहीदों की स्मृति में दो फरवरी को मौन जुलूस निकाला जाएगा, जो शहीद स्थल से प्रारम्भ होकर तपकरा गांव का भ्रमण कर शहीद स्थल पर समाप्त होगी। इसके बाद शहीदों की कब्र पर पारम्परिक विधि विधान से पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और शहीद स्थल के समीप श्रद्धांजलि सभा होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि मौन जुलूस के समय तपकरा के व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। साथ ही शहीद दिवस के दिन डूब क्षेत्र के सभी पिकनिक स्थल चंचला घाघ, पेरवां घाघ और पांडूपुडिंग आदि बंद रहेंगे। बैठक में जोन जुरसेन गुड़िया, सहदेव बड़ाईक, मसीहदास गुड़िया, जीवन हेमरोम, अमृत गुड़िया, एरियल कंडुलना, सुगड़ गुड़िया, मदन सिंह, नमजन कंडुलना, रोयलेन गुड़िया, जेवियर गुड़िया, हाबिल भेंगरा, रामजीबोल कंडुलना, पूरन प्रसाद गुड़िया, जेम्स गुड़िया, झिरगा कंडुलना आदि उपस्थित थे।

### रोजगार सृजन मेला में 217 युवाओं को मिली नौकरी

**खूंटी** : नगर भवन, खूंटी में चौथे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया। पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करना और उन्हें रोजगार के विभिन्न अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खूंटी के विद्यायक राम सूर्या मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि तोरपा और विधायक प्रतिनिधि तमाड़ के अलावा राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, स्किल्स एंड जॉब्स हसनैन वारसी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जुड़ने में सहायता मिलेगी। यह रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे युवाओं को उनकी क्षमताओं के अनुरूप रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### मालवाहक ट्रक ने चार को कुचला, दो की मौत

**गिरिडीह** : जिले देवरी थाना इलाके के मंडरो और चितरोकुरो में सिमेन्ट लोडेड एक ट्रक ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक बच्चें सहित दो लोगों की मौत हो गयी। आक्रोशित लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसमें आ लगा दी । हालांकि ट्रक का चालक मौके से भाग निकला। घटना सोमवार दोपहर की है । ट्रक में आग लगाने की घटना जमुआ के मिजार्गंज की है। जानकारी के अनुसार सीमेंट लदे ट्रक ने देवरी प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह थाना के मंडरो में एक 4 वर्ष के बच्चे को धक्का मार दिया। इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। मृतक तिसरी थाना इलाके के बेलवाना निवासी शहबाज अंसारी का चार वर्षीय पुत्र था। घटना उस वक्त घटी जब पिता - पुत्र दुकान से सामान खरीद कर निकल रहे थे। घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक भागने लगा। भागने के क्रम ट्रक ने देवरी थाना इलाके के चितरोकुरो में सुखदेव यादव नामक व्यक्ति को कुचल दिया।

# सिविल सर्जन ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बोरियो** : सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो का सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालिया साहिबगंज ने औचक निरीक्षण किया। उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मी एमओ आरबीएसके डॉ पंकज, डॉ विवेक, डॉ विनोद, बीपीएम विष्णु, बैम सुमन, क्लर्क गीता, मनोहर, मिठू, तारिक, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, एएनएम, एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। सिविल सर्जन ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी एवं आईपीडी सेवाएँ, फ्री दवा एवं आवश्यक जांच सुविधाएँ, आपातकालीन सेवाएँ, एंबुलेंस सेवा का संचालन, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व देखभाल एवं प्रसव उपरांत देखभाल, जननी सुरक्षा योजना एवं जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत सभी सुविधाएँ, नवजात शिशुओं की उचित देखभाल, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, सीएचओ द्वारा किए जा रहे एनसीडी से संबंधित कार्य तथा डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, कैंसर की स्क्रीनिंग एवं एनसीडी पोर्टल में शत प्रतिशत एंट्री, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मलेरिया, डेंगू एवं कालाजार नियंत्रण कार्यक्रम, लैब में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी, टीबी सुविधा, औषधि भंडार एवं दवा आपूर्ति डीवीडीएमएस पोर्टल में ससमय अपलोड, डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों, एएनएम, लैब टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, बिजली आपूर्ति, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, फर्नीचर एवं उपकरण आदि, अस्पताल में सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पोर्टल में एंट्री शतप्रतिशत नियमित रूप से अपडेट करना, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को प्रभावी रूप से लागू करना, लैब सुविधाओं को सुदृढ़ करना, अस्पताल की स्वच्छता को सुनिश्चित करने को लेकर सिविल सर्जन ने दिया कई निर्देश।




## पटमदा और बोड़ाम में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : 76वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन पटमदा के बीएम पब्लिक स्कूल, रांगाटांड़ में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू जबकि विशिष्ट अतिथियों में विद्यालय के निदेशक भरत महतो, केंद्रीय शांति समिति सदस्य सुभाष कर्मकार, ग्राम प्रधान सुनील महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो व द्वारिक महतो उपस्थित रहे। मौके पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य और नाटक शामिल थे। इसके बाद वार्षिक खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों शिशिर पंजा, संजय महतो, सम्राट महतो, बिमल दत्ता, मनोज गोराई, देबू टुडू, शशि रेखा महतो, संजू महतो, सुभद्रा महतो और कल्याणी महतो की विशेष भूमिका रही।वही दूसरी तरफ पटमदा प्रखंड कार्यालय में प्रमुख बालिका सोरेन ने झंडोत्तोलन किया। वही अंचलाधिकारी राजेंद्र दास द्वारा बनाया गया रंगोली आकर्षक का केंद्र रहा। बोड़ाम प्रखंड कार्यालय प्रमुख ललिता सिंह ने झंडा फहराया। इस दौरान बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन सहित कई समाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।



## होटल आकाशगंगा में संदिग्ध अवस्था में मिला एक वृद्ध व्यक्ति का शव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रीनहोटल मोड़ स्थित आकाशगंगा होटल में एक वृद्ध का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसकी पहचान नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा काली मंदिर के निकट निवासी जतनलाल पासवान के रूप में हुई है। आकाशगंगा होटल के संचालक मिंकु कुमार ने बताया कि होटल के सीढ़ी के नीचे लगभग 12 से एक के बीच वह गिरे हुए थे। पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह बीमार है और बगल के ही रहने वाले हैं। बीमार अवस्था में देखकर उन्हें अपने होटल के डॉरमेट्री रूम में सुला दिया। लेकिन ले जाने के क्रम में उनके मुंह से शराब की बदबू आ रही थी और वह शराब के नशे में धूत थे। देर शाम में जाकर देखा तो वह अपने बेड से दूसरे बेड के सहारे गिरे पड़े हैं और उनके मुंह से उल्टी भी हुई है। तभी उन्होंने इसकी जानकारी जतनलाल के परिजनों व पुलिस को दिया। वहीं नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही मृतक के भाई रतनलाल पासवान ने बताया कि होटल से तीन लोग मेरे घर आया कहा कि उनका भाई जतनलाल पासवान होटल में उल्टी कर दिया और शायद उनका तबीयत बहुत ज्यादा खराब है जब मैं जाकर देखा तो सांस नहीं चल रहा था। उन्होंने होटल संचालक से कहा कि यह जांच का विषय है इसकी जानकारी पुलिस को दें। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। और सदर अस्पताल साहिबगंज में शव का पोस्टमार्टम डॉक्टर ऋतुराज ने किया।



## विधायक ने कपाली नप समेत चारो प्रखंडों में किया 10 पानी टैंकर का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : ईचागढ़ के विधायक सविता महतो नें सोमवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के भुईयाडीह में विधायक निधी से कपाली नप समेत चारो प्रखंड चांडिल, कुकड़ू, नीमडीह व ईचागढ़ में 10 पानी टैंकर का वितरण किया। इस दौरान विधायक सविता महतो नें पानी आपूर्ति टैंकर का विधिवत फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किए। इस दौरान विधायक नें कहा ईचागढ़ के जनता के मांग पर करीब 14 लाख रुपये कि लागत से विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा अभी चांडिल, नीमडीह, ईचागढ़ व कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के साथ कपाली नगर परिषद क्षेत्र में दो दो पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया। विधायक ने कहा पानी टैंकर निशुल्क लोगों के सेवा के लिए होगा। इस अवसर पर जिप सदस्य पिंकी लायेक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कु, चारुचांद किस्कु, झामुमो नेता कार्तिक महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, सुधीर किस्कु, मनमन सिंह, दिलीप महतो, सरवर आलम, मो अरशद, मो नौशाद, अरूण टुडू, कृष्णा किशोर महतो, हरिदास महतो, नीताई उरांव, इंद्रजीत महतो, मंत्री महतो, बैद्यनाथ टुडू, बिशाल गोप, राहुल वर्मा, मिलन तंतुवाई समेत काफी संख्या में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 76वें गणतंत्र दिवस पर साहिबगंज नगर में एबीवीपी का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज नगर द्वारा अस्थायी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अभाविप झारखंड प्रांत की प्रदेश सह मंत्री सुनिधि कुमारी और साहिबगंज विभाग के विभाग प्रचारक अजय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद राष्ट्रभक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को उत्साह और देशभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने संविधान की रक्षा, देश के विकास और समाज सेवा का संकल्प लिया। सुनिधि कुमारी ने ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में कहा की गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, यह हमारी स्वतंत्रता और संविधान की ताकत का प्रतीक है। युवाओं को शिक्षा, खेल और सेवा के माध्यम से देश को प्रगति के पथ पर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए। विद्यार्थी परिषद इस दिशा में युवाओं का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में साहिबगंज नगर के नगर अध्यक्ष प्रो. चंद्रशेखर प्रमाणिक, नगर मंत्री अविनाश साह और संघ के जिला संघचालक नीतेश ने भी अपने विचार रखे। यह आयोजन न केवल एक उत्सव था, बल्कि युवाओं के बीच देशप्रेम और जिम्मेदारी की भावना को जगाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी था।

# जेल में बंद कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना और उन्हें अपराध मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देना था। इस आयोजन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अखिल कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मंडल कारा, साहेबगंज में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेल अदालत के माध्यम से कैदियों के मामलों का निपटारा किया गया। रेलवे न्यायालय के चार मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें से दो बंदियों को अपना दोष स्वीकारने के कारण रिहा कर दिया गया। यह पहल उन कैदियों के लिए एक नई शुरूआत का प्रतीक है, जो अपनी गलतियों को स्वीकार कर बेहतर भविष्य की ओर बढ़ना चाहते हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार ने अपने संबोधन में कैदियों को यह संदेश दिया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार उनकी भलाई के लिए दिन-रात प्रयासरत है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए दृढ़ संकल्प लें और भविष्य में ऐसा कोई कार्य न करें जिससे उन्हें पुनः जेल आना पड़े। इस अवसर पर कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों और दायित्वों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, और न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा ने कैदियों को न्यायिक प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह सुनिश्चित किया गया कि कैदी अपने कानूनी अधिकारों से अवगत हों और न्यायिक प्रक्रिया में पूरी तरह से सहयोग कर सकें। कार्यक्रम के तहत कैदियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। यह पहल यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि कैदी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, विश्वनाथ भगत ने कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और अपराध मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि वे अपनी गलतियों से सीख लें और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने यह भी बताया कि प्राधिकार कैदियों को पुनर्वास की प्रक्रिया में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, अरविंद गोयल और उनकी टीम ने भी भाग लिया। उन्होंने कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने और उनके मामलों के समाधान में मदद की। यह आयोजन इस बात का उदाहरण था कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से कमजोर और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर सभी कैदियों को यह संदेश दिया गया कि जीवन में गलतियां होती हैं, लेकिन उनसे सीखना और भविष्य में बेहतर बनना ही सच्ची सफलता है। कैदियों को प्रेरित किया गया कि वे जेल से बाहर आने के बाद एक नया जीवन शुरू करें और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनें।




## संक्षिप्त खबरें

### राजमहल विधायक ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**साहिबगंज/उधवा** : प्रखंड क्षेत्र के सुतियारपाड़ा मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ राजमहल क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन राजा उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को फीता काटकर किया। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने फूलमाला पहनकर एवं पुष्पगुच्छ देकर राजमहल विधायक का स्वागत किया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि उद्घाटन मैच सुतियारपाड़ा बनाम मटियायल के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लिए हैं और हर मैच आठ आठ ओवर का खेला जाएगा। मौके पर मो मारूफ उर्फ गुड्डू, विश्वजीत मंडल, बच्चू मंडल, काजू मल्लिक, भावेश राय, वैभव राय, करण राय, बलराम राय, धनंजय राय, सुकुमार सिन्हा व संदीप राय सहित अन्य दर्शकगण मौजूद थे।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित



**साहिबगंज** : सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बरहेट, साहेबगंज के तत्वाधान में पीएम श्री नगर पालिका कन्या उच्च विद्यालय, साहेबगंज में जिला स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें साहेबगंज जिले के वर्ग 1-8 एवं वर्ग 9-12 के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने अपने टीएलएम के साथ भाग लिया। जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन पदाधिकारी डीईओ, डीएसई, डायट प्राचार्य सह एसडीइओ एवं संकाय सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सर्वप्रथम विगत वर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डायट संकाय सदस्य हीरा सरिता टुडू, ओमकारेश कुमार, मो शमशाद आलम एवं डॉ मनोज कुमार यादव को शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिले के शिक्षकों द्वारा अनेक विषयों पर बहुत रूचिकर एवं ज्ञानवर्धक शिक्षण अधिगम सामग्री प्रस्तुत किया गया। टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन एवं मूल्यांकन निर्णायक मंडली के रूप में शिक्षा पदाधिकारियों एवं संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। जिसमें वर्ग 1 से 8 में प्रथम स्थान उ. उच्च विद्यालय इस्लामपुर शिक्षक - मो. आहेद अली, द्वितीय पुरस्कार बालक मध्य वि. बरहरवा शिक्षिका - सुषमा कुमारी एवं तृतीय स्थान प्रा. वि माधोपाड़ा शिक्षक - मुकेश कुमार शर्मा ने प्राप्त किया। वर्ग 9 से 12 में प्रथम स्थान पब्लिक उच्च विद्यालय साहेबगंज शिक्षिका - जयमाला भगत, द्वितीय पुरस्कार प्लस टू उ. वि. बरहरवा, शिक्षक- प्रभात कुमार सिंह एवं तृतीय स्थान प्लस टू उ. वि बड़हरवा, शिक्षिका - भारती साहा ने प्राप्त किया। विजेता शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति -पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतिभागी सभी शिक्षकों को सांत्वना सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन का कार्य डॉ मनोज कुमार यादव के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु अनेक विद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### सिरूम में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कुकड़ू** : गणतंत्र दिवस के उपलब्ध में कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के सिरूम हाई स्कूल मैदान में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 25 जनवरी को हुआ था, वहीं समापन 27 जनवरी 2025 को हुआ। तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल और झारखंड की कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन रशुलडीह क्रिकेट टीम बनाम गेडुआ क्रिकेट टीम के बीच फाइनल खेल हुआ। जिसमें रशुलडीह क्रिकेट टीम विजय हुआ। प्रथम पुरस्कार रशुलडीह क्रिकेट टीम को नगद साढ़े सात हजार रुपए और ट्रॉफी द्वितीय पुरस्कार गेडुआ क्रिकेट टीम को साढ़े छह हजार और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, तृतीय पुरस्कार बीपीसी कुकड़ू को 27 सौ रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार धुंदीकाटा क्रिकेट टीम को 27 सौ रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य आयोजनकर्ता सुमन मुखर्जी के साथ-साथ अबनी कुमार, आनंद प्रमाणिक, बिकल कुमार, अधिरथ महतो, राजेंद्र तंतुबाई राज, बबलू आदि शामिल थे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया गया।

### वीणा पाणी विद्या मंदिर में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित, बच्चे हुए पुरस्कृत



**पटमदा** : पटमदा के कटीन स्थित वीणा पाणी विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। वही विद्यालय के छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया गया। बच्चो को संबोधित करते हुए प्राचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी ने कहा कि स्कूल के बच्चे पढ़ाई के साथ अंग्रेजी बोलना, खेलकूद सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति दिखा। इनका प्रदर्शन प्रशंसा के पात्र है। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी, कमलेंदु राय, अमिताभ त्रिपाठी, पायल महंती, मुनमुन सरकार, रीता दास, अनिमेष मिश्रा, अमित, आशीष,विष्णुपद, परमीला, राकेश, अंजना, पुस्पा, अंकिता सहित ग्रामीण सहित दर्जनों उपस्थित थे।



## फरवरी में खत्म हो रहा माधबी का कार्यकाल, सेबी के नए चेयरपर्सन की तलाश शुरु

**केंद्र सरकार ने आवेदन किए आमत्रित, 17 फरवरी है अतिम तारीख**

**नई दिल्ली,** केंद्र सरकार ने शेयर बाजार के रेगुलेटर सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच का कार्यकाल खत्म होने के बाद उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। माधबी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। वित्त मंत्रालय ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए अध्यक्ष के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 17 फरवरी 2025 है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने जानकारी दी कि नए अध्यक्ष को दो वेतन विकल्पों में से चुनने का अधिकार होगा। भारत सरकार के सचिव के समान स्वीकार्य वेतन। हर महीने 5,62,500 की कंसॉलिडेटेड सैलरी होगी। इस विकल्प में घर और वाहन की सुविधा शामिल नहीं है। नियुक्ति अधिकतम पांच साल की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो के लिए की जाएगी। माधबी पुरी बुच ने 2 मार्च 2022 को सेबी चेयरपर्सन का कार्यभार संभाला था। वह सेबी की पहली महिला अध्यक्ष हैं और उनका कार्यकाल कई अहम फैसलों और विवादों से भरा रहा। इससे पहले, वह अप्रैल 2017 से मार्च 2022 तक सेबी की होल-टाइम मेंबर के रूप में कार्यरत थीं। नई नियुक्ति के लिए प्रक्रिया की शुरुआत के साथ, अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस पद पर कौन बैठता है और बाजार को किस दिशा में मोड़ता है।

## चीन की विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में मंदी

**- क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर, दिसंबर 2024 में 50.1 था**



**हांगकांग।** चीन की विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में मंदी दर्ज की गई है। यह मंदी का कारण मुख्य रूप से श्रमिकों के चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर जाना माना जा रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार कारखाना प्रबंधकों के सर्वेक्षण पर आधारित क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर आ गया, जो कि दिसंबर 2024 में 50.1 था। सूचकांक के 50 से ऊपर होने का मतलब है कि उत्पादन गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है। नये ऑर्डर तथा उत्पादन में भी कमी आई है। गैर-विनिर्माण क्षेत्र के लिए समानांतर क्रय प्रबंधक सूचकांक दिसंबर के 52.2 अंक से फिसलकर जनवरी में 50.2 अंक पर आ गया है। ब्यूरो के एक वरिष्ठ सांख्यिकीविद् ने कहा कि कारखाना गतिविधियों में गिरावट अंशिक रूप से छुट्टियों के कारण है। उन्होंने बताया कि चीन में सबसे बड़ा त्यौहार चुंग जी का सार्वजनिक अवकाश है, जो मंगलवार से शुरू होगा और चार फरवरी तक जारी रहेगा। इसके दौरान लाखों नागरिक अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए शहरों से गांवों की ओर लौटते हैं। चीन की अर्थव्यवस्था ने 2024 में पांच प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ाई थी, जो कि मजबूत निर्यात और प्रोत्साहन के परिणाम है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा चीन से आयात पर शुल्क बढ़ाने की चेतावनी के बीच, देश का निर्यात परिदृश्य भी अनिश्चित है।


# मुंबई 3.0 में 11 अरब डॉलर के निवेश करने को तैयार ब्लैकस्टोन

**मुंबई।**

देश में सबसे ज्यादा जीडीपी वाले राज्य महाराष्ट्र के लिए अच्छी खबर है। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी में शुमार ब्लैकस्टोन अगले तीन से पांच साल में महाराष्ट्र में 11 अरब डॉलर के निवेश करने को तैयार है। इस रकम को राज्य के प्रमुख शहरों में डेटा सेंटर, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी संपत्ति में निवेश किया जाएगा। अमेरिका के इस इंस्टीट्यूशनल निवेशक ने भारत के तेजी से बढ़ रहे प्रॉपर्टी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की व्यापक रणनीति बनाई है। इसके तहत कंपनी ने दावोस में राज्य सरकार के साथ तीन अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस साल वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में राज्य के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ब्लैकस्टोन के कुल निवेश का करीब 5 अरब डॉलर मुंबई 3.0 में जाएगा। मुंबई 3.0 राज्य सरकार का एक अहम प्रोजेक्ट है। इसके तहत मुंबई और नवी मुंबई की क्षमता का विस्तार करने के लिए एक तीसरे शहर को विकसित किया जाएगा। मुंबई 3.0 को कर्नाला-साई-चिरनेर न्यू टाउन के नाम से भी जाना जाता है। इसके मुंबई के करीब स्थापित किया जाएगा। इससे मुंबई में जगह की कमी दूर होगी।

सूत्र ने कहा कि ब्लैकस्टोन पहला वैश्विक संस्थागत निवेशक होगा जो इस नए उभरते शहर में कार्यालय परिसरों, आतिथ्य संपत्तियों, खुदरा मॉल और वेयरहाउसिंग संपत्तियों के विकास को सपोर्ट करेगा। ब्लैकस्टोन ने अपने जॉइंट वेंचर पार्टनर पंचशील रियल्टी के साथ मिलकर राज्य में डेटा केंद्रों के विकास के लिए 3 अरब डॉलर तक का निवेश करने के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के साथ एक समझौता किया है।

## रुपया गिरावट पर बंद




**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ ही 86.27 रुपये पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में नरमी के बीच रुपया आज सुब शुरुआती कारोबार में 22 पैसे की गिरावट के साथ 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुक्रवार को भारतीय रुपये में बढ़त दर्ज की गई थी, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क संबंधी फैसले पर अनिश्चितताओं के बीच सोमवार को यह गिरावट के साथ खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.35 पर खुला और फिर फिसलकर 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट दिखाता है। वहीं रुपया शुक्रवार को 22 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.22 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी की बढ़त के साथ 107.67 पर बंद हुआ था।

## मैक्रोटेक डेवलपर्स का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कर्ज 12 प्रतिशत घटा

**- शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 4,930 करोड़ रुपए था**

**मुंबई ।** भारतीय रियल एस्टेट बाजार में स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि उनकी कंपनी का शुद्ध ऋण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 12 प्रतिशत घटकर 4,320 करोड़ रुपये रह गया है। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित आंकड़ों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ब्रांड के तहत संपत्तियों का विपणन करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 4,930 करोड़ रुपये था। इसके बाद की चुनौतियों और संघर्षों के बारे में भी उन्होंने बात की। उन्होंने बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा है और उनकी उम्मीद भी वित्त वर्ष के समापन में मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पूर्व-बिक्री मामले में हमारी अब तक की सबसे मजबूत तिमाही रही। संग्रह के मामले में भी यह अब तक की सबसे अच्छी तिमाही रही। उन्होंने अपने भविष्य की योजनाओं और रणनीतियों के बारे में भी बात की और कहा कि महत्वपूर्ण व्यावसायिक विकास और मजबूत परिचालन प्रदर्शन के दम पर उनका शुद्ध ऋण करीब 600 करोड़ रुपये कम हो गया है और अब करीब 4,300 करोड़ रुपये का है। इसका ऋण समता अनुपात 0.22 है।




# शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद, निवेशकों को 9 लाख करोड़ का नुकसान

**सेंसेक्स 824 अंक टूटा, निफ्टी 263 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। घरेलू । कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहने और अमेरिका की नई सरकार की कारोबार नीति को लेकर जारी संशय से भी बाजार टूटा। विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव आया। इसी कारण आज कारोबर के दौरान बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी और सेंसेक्स एक फीसदी से अधिक गिरा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 824.29 अंक करीब 1.08 फीसदी टूटकर 75,366.17 पर बंद हुआ था। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज काका निफ्टी भी 263.05 अंक तकरीबन 1.14 फीसदी नीचे आकर 22,829 पर बंद हुआ।

आज बाजार में गिरावट का कारण दुनिया भर में तकनीकी शेयरों में आई गिरावट रह। एआई क्षेत्र में में हाई-टेक चिप्स की भारी मांग से निवेशकों में भय का माहौल रहा और वे बाजार से दूसरे हो गये। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के पड़ोसी देशों पर अधिक टेरिफ शुल्क लगाने की घोषणा से बाजार में भारी गिरावट आई। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला लगातार जारी रहने से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ाहै। विदेशी निवेशक पिछले कारोबारी सत्र सेशन में सबसे बड़े बिकवाल रहे। उन्होंने कुल 13,988.96 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं। शेयर बाजार में सोमवार को आई गिरावट से निवेशकों को 9.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ । बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 4,19,51,854 करोड़ रुपये था। यह सोमवारक को घटकर 4,10,08,631 करोड़ रुपये रह गया। इस प्रकार कंपनियों को 9.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस बड़ी गिरावट के साथ



अपने ऑल टाइम हाई से लगभग 13 फीसदी नीचे आया है , वहीं, बीएसई सेंसेक्स भी अपने ऑल टाइम हाई से 12 फीसदी से अधिक गिरा है।

वहीं आज सुबह बाजार बड़ी गिरावट लेकर खुला। इससे पहले भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरा हफ्ता गिरावट में बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजारों की शुरुआत सोमवार को बढ़त के साथ हुई, लेकिन बाद में यह मिलाजुला रुख अपनाए रहे। निक्केई 0.18 फीसदी गिरा, जबकि टोपिक्स 0.4 फीसदी ऊछला। वहीं ऑस्ट्रेलिया, ताइवान, और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे।

# स्टेनलेस स्टील की मांग बढ़ाने बुनियादी ढांचा खर्च को मिले प्राथमिकता: जिंदल

**सरकार से उम्मीद है कि वह स्टेनलेस स्टील उद्योग की कुछ प्रमुख आवश्यकताओं को पूरा करेगी**

**नई दिल्ली ।**

भारत के सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस को उम्मीद है कि आगामी केंद्रीय बजट में स्टेनलेस स्टील क्षेत्र के विकास में बाधा बनने वाली प्रमुख चुनौतियों से निपटने को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार से उम्मीद है कि वह स्टेनलेस स्टील उद्योग की कुछ प्रमुख आवश्यकताओं को पूरा करेगी, जिनमें जलमार्ग, रेलवे और तटीय परिवहन जैसे गतिशील बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाना, आवश्यक कच्चे माल के आयात पर शून्य आयात शुल्क जारी रखना और सस्ते आयात से होने वाले नुकसान को रोकना शामिल है। केंद्रीय बजट 2025-26 से पहले जिंदल स्टेनलेस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा` कि स्टेनलेस स्टील की मांग बढ़ाने के लिए, हम सरकार को बुनियादी ढांचे पर खर्च को प्राथमिकता देते रहने और अंतर्देशीय जलमार्ग, रेल बुनियादी ढांचे और तटीय परिवहन जैसे गतिशील बुनियादी ढांचे के विकास पर खास ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने इस उद्योग के लिए और भी कई सुझाव दिए, जैसे कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना और आयात शुल्क पर बदलाव करना। जिंदल स्टेनलेस ने सरकार को स्टेनलेस स्टील उद्योग के उत्थान के लिए और भी कई कदम उठाने की सलाह दी है, जिससे घरेलू उद्योग मजबूत हो सके और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद मिल सके। उनके अनुसार इन प्रयासों से स्टेनलेस स्टील उद्योग को नया उत्थान मिलेगा और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक होगा। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए जिंदल स्टेनलेस ने सरकार से आग्रह किया है कि घरेलू स्टेनलेस स्टील उद्योग को समर्थन प्रदान करने के लिए आवश्यक उपायों पर ध्यान दिया जाए। यह स्थायी सुधार उद्यमिता को प्रेरित करेगा और उद्योग को विकसित करने में साहायक साबित होगा। सरकार की दिशानिर्देशना और जिंदल स्टेनलेस की उम्मीदें मिलकर भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग को नई ऊर्जा और उत्साह मिलेगा। यह उभरते भारत के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है जो आर्थिक समृद्धि और उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स ने टीपी-लिंक के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली ।**

ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने भारत में अपने नेटवर्किंग उपकरणों तथा स्मार्ट घरेलू उत्पादों के विनिर्माण के लिए अग्रणी वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड टीपी-लिंक के साथ साझेदारी की सोमवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों के अनुसार इस रणनीतिक साझेदारी का मकसद कनेक्टेड डिवाइस के लिए भारत की बढ़ती मांग को पूरा करना तथा भारत में विनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक को निर्यात बाजारों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करना है। इसमें कहा गया कि यह सहयोग टीपी-लिंक के मेक इन इंडिया दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता को और दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र बनने के भारत के संकल्प को मजबूत करता है। इन उत्पादों का विनिर्माण ओईएल की सुविधा में किया जाएगा, जिसकी प्रति वर्ष 60 लाख उपकरणों के उत्पादन की क्षमता है। विज्ञप्ति में कहा गया` कि यह सहयोग निर्यात बाजारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के विकास और विनिर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। इसमें कहा गया, ओईएल, टीपी-लिंक के लिए पावर एडॉप्टर, मैकेनिकल पार्ट्स और अन्य चीजें उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा। इस समझौते से आयात निर्भरता कम होगी और आपूर्ति पर बेहतर नियंत्रण मिलेगा।

# भारत के निर्यातकों की मजबूत स्थिति- अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान का जलवा

**- पिछले वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में, भारत का वस्तु निर्यात बढ़कर 59.93 अरब डॉलर हुआ**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका में ट्रंप युग की शुरुआत हो गई हो और उन्होंने विभिन्न देशों, भारत सहित, पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी हो लेकिन भारत के निर्यातकों ने बजाय हर्जाने के अमेरिकी बाजार में अपनी मजबूती साबित की है। नवंबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत ने अमेरिका को हर घंटे लगभग 80 करोड़ रुपए का सामान` निर्यात किया है। इसका मतलब है कि भारतीय उत्पादों की मांग अमेरिकी बाजार में बढ़ रही है और निर्यात में वृद्धि हो रही है। पिछले वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में, भारत का वस्तु निर्यात 5.57 फीसदी बढ़कर 59.93 अरब डॉलर पहुंच गया है, जो मौजूदा रुझान की मजबूती को दर्शाता है। इसके साथ ही दिसंबर में अमेरिका को भारत का निर्यात 8.49 फीसदी बढ़कर सात अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात में यह वृद्धि सकारात्मक संकेत देती है और भारत के भीतर उत्पादन की वृद्धि को प्रोत्साहित करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में निर्यात के लिए अच्छे मौके हैं, जिससे भारतीय उत्पादकों के लिए नये दरवाजे खुल सकते हैं। आगे चलकर, इस व्यापारिक संबंध का विस्तार होने की संभावना है और भारत और अमेरिका के बीच व्यापार में और बढ़ोतरी हो सकती है। इस रिपोर्ट से स्पष्ट



हो रहा है कि भारतीय निर्यातकों की क्षमता और उत्पादन अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग में भी वृद्धि दर्ज हो रही है। यह संकेत भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिका में बड़ी संभावनाएं दर्शाता है, जो आने वाले वर्षों में निर्यात में और वृद्धि को देख सकते हैं।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में 2024 में ऐतिहासिक वृद्धि

**- इक्विटी और इक्विटी-ओरिएंटेड योजनाओं में कुल निवेश 3.9 लाख करोड़ रुपए**

**नई दिल्ली ।**

2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स ने निवेश प्रवाह में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। निवेश प्रवाह में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज करते हुए एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया ने बताया कि इक्विटी और इक्विटी-ओरिएंटेड योजनाओं में कुल निवेश 3.9 लाख करोड़ रुपए हुआ, जो 2023 के 1.6 लाख करोड़ रुपए से दोगुना बढ़कर अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि निवेशकों के बढ़ते विश्वास और दीर्घकालिक निवेश की ओर इशारा करती है। हालांकि, इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद 2025 के लिए बाजार में सतर्कता का माहौल देखा जा रहा है। जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के सह-संस्थापक और सीईओ संतोष जोसेफ ने दिसंबर में इक्विटी फंड प्रवाह में कमी का संकेत दिया है, जिसे बाजार में बढ़ती अस्थिरता के कारण देखा जा रहा है। जोसेफ ने कहा कि इतिहास गवाह है कि इक्विटी फंड्स में निवेश प्रवाह बाजार के प्रदर्शन से गहराई से जुड़ा होता है। जब बाजार में अनिश्चितता रहती है, तो निवेशक गतिविधि धीमी हो जाती है। उन्होंने इस प्रवृत्ति का कारण बाजार में बढ़ती अस्थिरता बताया और जोड़ा कि 2025 में नए फंड लॉन्च और इक्विटी फंड जुटाव में कमी देखने का संकेत मिल सकता है। इसके बावजूद दीर्घकालिक निवेशकों के लिए स्थिति उत्साहजनक है और विशेषज्ञों का मानना है कि जो बाजार में बने रहते हैं, वे स्थिरता आने पर इक्विटी मार्केट्स की संपत्ति सृजन क्षमता का लाभ उठा सकते हैं।

इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में हुई इस वृद्धि ने दिखाया कि निवेशक आधुनिक और दीर्घकालिक योजनाओं को अधिक पसंद करने लगे हैं, पारंपरिक विकल्पों से हटकर।

# किसानों के लिए खुशखबरी: केंद्र सरकार का खेत से उपभोक्ता तक मॉडल

**- 40 रुपये किलो वाला गेहूं अब 30-35 में मिलेगा!**



**नई दिल्ली ।**

देश के करोड़ों किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। केंद्र सरकार एक नए मॉडल पर काम कर रही है, जिससे कृषि उत्पादों की खरीदी-बिक्री में बिचौलियों की भूमिका कम होगी तो अनाज की कीमतों पर इसका असर देखने को मिल सकता है, इसलिए हो सकता है कि जो गेहूं बाजार में 40 रुपये किलो मिल रहा है वह 35 रुपये किलोग्राम तक ग्राहकों को मिल जाए। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मॉडल के महत्त्व पर जोर दिया और कहा कि यह किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाएगा। इस मॉडल के तहत भारतीय किसान अपनी उपज को सीधे उपभोक्ताओं तक बेच सकेंगे, जिससे अनाज की कीमतों में स्थिरता आ सकती है। इसके अलावा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद, प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों को प्रोत्साहित करने और कृषि विज्ञान केंद्रों को मजबूत करने का काम भी जारी रखा है। चौहान ने कहा कि किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उनके बिना देश समृद्ध नहीं हो सकता। इसीलिए सरकार ने किसानों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

कृषि क्षेत्र और किसानों का योगदान अहम है, और ऐसे कदम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस नए मॉडल से किसानों को आर्थिक अवसरों में और सुधार मिलेगा, जिससे उनकी स्थिति में सुधार आ सकता है।

# इस बार का बजट 2047 के विजन को मजबूत करने वाला होगा

**अब खपत बढ़ाने के कदम उठाने की भी जरूरत है**



**नई दिल्ली ।**

इस बार को केंद्रीय बजट ऐसे समय में पेश किया जाएगा जब देश की आर्थिक वृद्धि में गिरावट देखी जा रही है। वित्तीय बाजारों में बढ़ती अस्थिरता, विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट और वैश्विक नीति की अनिश्चितताओं से चुनौतियां बढ़ गई हैं। साथ ही अमेरिका में नई सरकार बनने से वैश्विक माहौल और भी मुश्किल हो गया है। इन परिस्थितियों में बजट का मुख्य फोकस विकास को तेज करना और 2047 तक 'विकसित भारत' के विज़न को पूरा करने की दिशा में कदम उठाना होना चाहिए। कोविड के बाद सरकार का फोकस कैपेक्स के जरिए आर्थिक सुधार पर रहा है, जो अब तक सफल रहा है। हालांकि, इसे जारी रखने के साथ ही अब कंजम्पशन बढ़ाने के कदम उठाने की भी जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कंजम्पशन यानी खपत बढ़ेगी, तो इससे प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में 5 फीसदी तक की कटौती पर विचार करना चाहिए। भले ही इससे जीडीपी का 0.2 फीसदी राजस्व नुकसान होगा, लेकिन इससे लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी और कंज्यूमर सेंटिमेंट में सुधार होगा। कमजोर जॉब क्रिएशन और कम रियल वेज ग्रोथ ने कंज्यूमर सेंटिमेंट को कमजोर किया है। आरबीआई के हाउसहोल्ड सर्वे के मुताबिक, महामारी के बाद से ही लोगों का भरोसा नकारात्मक बना हुआ है। ऐसे में टैक्स में कटौती और खर्च करने की क्षमता बढ़ाने से डिमांड में सुधार हो सकता है, जो अर्थव्यवस्था को गति देगा। सरकार को अपने फिस्कल कंसॉलिडेशन प्रयासों की गति को थोड़ा धीमा करने की जरूरत है, ताकि ग्रोथ बढ़ाने वाले कदमों पर ध्यान दिया जा सके। सरकार ने वित्त वर्ष 26 तक फिस्कल डेफिसिट को जीडीपी के 4.5 फीसदी से कम करने का लक्ष्य रखा था।

# परेड में शामिल लोगों को किया गया सम्मानित

## प्रभारी मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां पर की चर्चा: याद किए गए वीर सपूत





**पटना।** जिले में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह गांधी मैदान में आयोजित हुआ जहां बिहार सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी तथा अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और बिहार पुलिस, भारत स्काउट एंड गाइड, एनसीसी की मिली जुली परेड की सलामी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह सहित कई अन्य गण्यमान्य लोग भी उपस्थित थे। मंत्री संतोष कुमार सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक दिग्भ्रमित और भटके हुए लोगों को मुख्य धारा में शामिल करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, तभी उनका समग्र विकास संभव होगा। उन्होंने जिले के ऐतिहासिक योगदान को भी याद किया, जैसे कि औरंगाबाद के नायक डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह, जिन्होंने महात्मा



गांधी के चंपारण सत्याग्रह में अहम भूमिका निभाई थी, और स्वतंत्रता सेनानी शहीद जगतपति कुमार का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके योगदान से ही भारत को आजादी मिली। मंत्री ने औरंगाबाद जिले में चल रही प्रमुख योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले के 55 मॉडल विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा शुरू की गई है। पीएम श्री योजना के तहत जिले के 16 विद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके अलावा 75 नए बने विद्यालयों के भवन निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 1351 लाभुकों को वाहन क्रय हेतु राशि का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में अब तक 1,92,910 किसानों को 6000 की राशि दी गई है।

इसके अतिरिक्त, महिला बाल विकास, स्वच्छ बिहार अभियान और जल जीवन हरियाली अभियान जैसी अन्य योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। समारोह में कराकट सांसद राजाराम सिंह, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, और कई अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## एफसीआई कर्मी की सिर में गोली मारकर हत्या जमीन विवाद से जुड़ा है मामला



**पटना।** के मनेर थाना क्षेत्र में जमीन कारोबार से जुड़े विवाद में FCI कर्मचारी की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर बगीचा निवासी राजदेव राय (45) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी तब हुई जब रविवार देर शाम मनेर थाना क्षेत्र के छितनावा गांव के बधार में ग्रामीणों ने एक शव देखा। शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मनेर थाने को जानकारी दी। सूचना मिलते ही मनेर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन मृतक की पहचान राजदेव राय के रूप में की गई। राजदेव, ऋकमें काम करने के साथ-साथ जमीन का कारोबार भी करते थे। प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। सिटी रव पश्चिमी सरथ आर एस के अनुसार, घटनास्थल पर डॉग स्क्वॉड और FCI की टीम को बुलाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# पति कीर्तन में गए थे अकेली महिला से रेप

## पंचायत में आरोपी बोला– तुम लोग छोटी जाति के हो, कुछ नहीं कर पाओगे




**मुजफ्फरपुर।** मैं खाना खाकर सो रही थी। घर में पति नहीं थे। आरोपी पीछे से आया और घर में घुस गया। फिर रूम की लाइट ऑफ कर दी। मेरे साथ रेप किया। मैंने चिल्लाने की कोशिश की तो मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। मैंने जोर से शोर मचाना शुरू किया, जिसके बाद आसपास के लोग आए। इतने में मेरे पति भी आ गए। आरोपी को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वो तब तक भाग गया। जब पंचायत में मामला सुलझाना चाहा तो कहते हैं कि तुम लोग छोटी जाति के हो, ज्यादा मत बोला। कुछ नहीं कर पाओगे। ये मुजफ्फरपुर के मनियारी थाना क्षेत्र की एक दलित महिला (22) ने सोमवार को बताया है। महिला के मुताबिक घटना 23 जनवरी की रात 12 बजे पड़ोस का भविसन सहनी घर में घुसकर रेप किया था। अगले दिन मामला पंचायत में गया जहां नहीं सुलझा जिसके बाद 25 जनवरी को महिला ने थाना में आवेदन दिया। इसके बाद सोमवार को पूरा मामला बाहर आया है। अब पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर जेल भेजा जाएगा। पंचायत में छोटी जाति का हवाला देकर धमकाया पीड़िता ने बताया कि उसके पति गांव में ही कीर्तन, जागरण करते हैं। 23 जनवरी की रात भी वो वहीं गए थे। घर में बच्चे सो रहे थे। बच्चे बहुत छोटे हैं। आरोपी अचानक पीछे वाला गेट तोड़कर घर में घुसा था। महिला ने बताया कि आरोपी उसी के गांव का शख्स है। 24 जनवरी को पंचायत बैठाई गई थी, पंचायत में आरोपी अकड़ गया। मामले की गंभीरता को बढ़ाते हुए, आरोपी पक्ष पीड़िता के परिवार पर मामला दर्ज न कराने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसकी जाति की कम आबादी का हवाला देकर उसे धमकाया जा रहा है। क्षेत्र में पीड़िता की जाति के मात्र 8-10 परिवार निवास करते हैं।

# गणतंत्र दिवस पर स्कूल गई 5वीं की छात्रा से रेप

## बच्ची बोली–गोद में उठाकर ले गया पीटा: रेप के बाद जान से मारने की धमकी दी



**आरा।** में गणतंत्र दिवस पर रविवार को स्कूल गई 5वीं क्लास की छात्रा के साथ रेप का मामला सामने आया है। बच्ची झंडोत्तोलन में शामिल होने स्कूल गई थी। लौटने के दौरान आरोपी ने उसे रास्ते से जबरन उठाया और बांधकर पीटा। इसके बाद बच्ची के साथ दरिंदगी की। मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित बच्ची को मेडिकल के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया है। साथ ही उसके बयान पर ऋक्षफ़ दर्ज कर आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है। घटना गीधा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। पुलिस के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी 60 साल का अजय सिंह है। वारदात के वक्त वो नशे में था। बच्ची ने बताया कि 'आरोपी ने उसे मारने की धमकी भी दी।' घटना की जानकारी के बाद गांव के लोगों ने आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की है। पीड़ित 10 साल की बच्ची ने बताया कि, 'मैं गणतंत्र दिवस पर अपने स्कूल गई थी। लौटने के दौरान घर से 300 मीटर की दूरी पर गांव का रहने वाला अजय सिंह पीछे से आया और मुझे उठा कर अपने घर ले गया। मैं चिल्लाती रही, मैं उसे छोड़ देने की गुजारिश करती रही, लेकिन उसने मेरी नहीं सुनी।' 'गंदा काम करने के बाद उसने मुझे दोबारा मारा और कहा कि अगर घटना की जानकारी किसी को दी, तो जान से मार दूंगा। इसके बाद मैं किसी तरह घटनास्थल से भागकर घर पहुंची और मां से आप बीती बताई।'पीड़ित की मां ने बताया कि, 'सुनसान इलाका देखकर आरोपी अजय सिंह ने नशे की हालत में मेरी बेटी को उठाया और दरिंदगी की। अब मैं बेटी को कैसे स्कूल भेजूंगी, ऐसी स्थिति रही तो बेटी को कोई नहीं पढ़ा पाएगा। सरकार बोलती है कि बेटी पढ़ाओ। मैं सरकार से मांग करती हूं कि आरोपी को फांसी की सजा देकर मेरे साथ न्याय करें।' पीड़ित का मेडिकल टेस्ट कराया जा रहा है गीधा थाना ईंचार्ज उसुम सलमा ने बताया कि 'घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। इसके बाद उसे गांव से ही धर दबोचा गया।


## रस्सी खींचते ही डंडा सहित गिरा तिरंगा गया में हो रहा था राष्ट्रगान, पुलिसकर्मी दे रहे थे सलामी



**गया।** में झंडोत्तोलन हो रहा था। राष्ट्रगान भी शुरू हो गया था। पुलिसकर्मी सलामी दे रहे थे। बीडीओ संजय कुमार, ब्लॉक प्रमुख कलावती देवी, सीओ सुनीता कुमारी और एसडीपीओ समेत अन्य गजटेड अधिकारी अधिकारी तिरंगा फहराने के लिए रस्सी खोल रहे थे। जैसे ही रस्सी खींची तिरंगा डंडे के साथ गिर गया। तिरंगा का डंडा ब्लॉक प्रमुख कलावती देवी के माथे पर गिरा, उन्हें हल्की चोट लगी है। अन्य लोग भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। मामला इमामगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय का है। गणतंत्र दिवस जैसे मौके पर ऐसी घटना न केवल प्रशासन की लापरवाही दिखाती है, बल्कि राष्ट्रीय भावना को भी ठेस पहुंचाती है। इमामगंज बीडीओ संजय कुमार ने बताया कि झंडा जमीन पर गिरा नहीं था। उसे पकड़ लिया गया था। उसे दोबारा से दुरुस्त कर फहराया गया। कोई चोटिल नहीं हुआ है। इसमें थोड़ी सी लापरवाही हुई है तो जो जिम्मेदार हैं, उनसे जवाब मांगा जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### बाइक सवार ने पान दुकानदार को मारी टक्कर मौत



**सहरसा।** सदर थाना इलाके के बाईपास पॉलिटेक्निक ढाला के पास एक बाइक सवार ने पान दुकानदार को टक्कर मार दिया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान सहरसा नगर निगम के वार्ड नंबर 40 सराही मोहल्ले के निवासी बद्री पोद्दार (65)के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक पॉलिटेक्निक ढाला के पास ही पान की दुकान चला कर परिवार का परवरिश किया करते थे। प्रसाद के लिए सड़क पार कर रहे थे मृतक के भतीजे ने सुनील पोद्दार ने बताया कि रोज की तरह बीते 26 जनवरी को भी घर से खाना खाकर दुकान के लिए निकल चुके थे और दुकान खोलने के बाद उन्होंने दुकान के ठीक सामने सरस्वती फाउंडेशन में 26 जनवरी के मौके पर झंडोतलन किया गया था। जिसके प्रसाद के लिए वह बाईपास सड़क क्रॉस करने के दौरान पूरब की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार में एक बाइक सवार ने उन्हें जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। जबकि बाइक चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। जख्मी को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा दो प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। रविवार के रात सहरसा से सिलीगुड़ी ले जाने के दौरान उसकी रास्ते में मौत हो गई।

### 6 दुकान से 931 पैकेट नकली टाटा चायपत्ती बरामद



**बक्सर।** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के जांचकर्ता की सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जहां यादव मोड़ और आसपास के इलाकों में छह दुकानों से भारी मात्रा में नकली टाटा चाय और वीट हेयर रिमूवल क्रीम बरामद की गई है। जांच टीम ने सबसे पहले राजीव गुप्ता की ठाकुर किराना दुकान से 99 पैकेट, लक्ष्मण सेठ की दुकान से 101 पैकेट, मनोज कुशवाहा की दुकान से 101 पैकेट, बड़क दुबे की दुकान से 102 पैकेट और करण पासवान की दुकान से 103 पैकेट नकली टाटा चाय बरामद की। सबसे बड़ी बरामदगी यादव मोड़ पर लाल मोहन सिंह यादव के मकान से हुई, जहां से 425 नकली चाय पैकेट मिले। इसके अलावा लाल मोहन सिंह के मकान से 680 पीस और करण पासवान की दुकान से 195 पीस नकली वीट क्रीम भी जब्त की गई। फेरी वालों से खरीदते थे सामान पूछताछ में दुकानदारों ने बताया कि वे यह नकली सामान फेरी वालों से खरीदते थे और इन्हें असली उत्पादों के नाम पर बेच रहे थे। टाटा कंपनी के प्रॉडक्ट जांचकर्ता मनीष गुप्ता ने सभी आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63 के तहत एफआईआर दर्ज करवाई है। जांच के बाद होगी कार्रवाई मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि बरामद नकली सामान को सील कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### मुजफ्फरपुर: में 601 फीट का तिरंगा लेकर निकले युवा



**पटना।** देश भर में आज 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर के रामगढ़ परिवार की तरफ से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरगे 601 फीट लंबा था। शहर में निकलते ही यह आकर्षण का केंद्र बन गया। देश के सम्मान में इस तिरंगे को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई इस तिरंगे को एक बार छूकर सलाम करना चाह रहा था। जहां से भी यह तिरंगा निकला, लोग इसके सम्मान में खड़े हो गए और देश के वीर सपूतों को नमन करने लगे। रामगढ़ परिवार के युवाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। जो सरैयागंज टावर से होकर, छाता बाजार, दुर्गा स्थान, दीपक सिनेमा रोड, हरिसभा चौक, जवाहरलाल रोड और कंपनीबाग के रास्ते होते हुए रामगढ़ चौक पर समाप्त हुई। रामगढ़ परिवार के सदस्य चंदन कुमार ने बताया कि हमलोग हर साल 26 जनवरी और 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालते हैं। कभी 400 तो कभी 500 फीट का भी तिरंगा होता है। इस बार 601 फीट का यह तिरंगा है। यह देश के उन तमाम स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान दिया।

## शादी के 2 साल बाद महिला की मौत पिता बोले- बुलेट की डिमांड कर रहे थे



**औरंगाबाद।** में संदिग्ध अवस्था में एक नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतक की पहचान शंकरडीह गांव निवासी पिंटू चौधरी की पत्नी ज्योति कुमारी (22) के रूप में की गई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने रविवार रात पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के परिजनों ने लड़की के ससुराल वालों पर दहेज के प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतक ज्योति के पिता का कहना है, '2023 में शादी के बाद से ही लड़के वाले बुलेट और दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर बेटी के ससुराल वालों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।' घटना उपहारा थाना क्षेत्र के शंकरडीह गांव की है। पिता गया जिला के आंती थाना क्षेत्र के कावर गांव निवासी मोही चौधरी ने कहा कि शादी के कुछ दिन बाद से ही लड़के वाले बुलेट बाइक एवं दहेज की मांग करने लगे। शुक्रवार को मैं और तीन लोग अपनी बेटी के घर गए थे और वहां परिजन से मिलकर बताया कि जल्दी आपकी डिमांड पूरी कर देंगे, लेकिन रविवार को मेरी बेटी के ससुराल ने गला दबाकर हत्या कर दी। बेटी को 6 माह का बच्चा भी है। हत्या के कारण स्पष्ट नहीं दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कुछ स्पष्ट बताया जा सकता है। फिलहाल FSL टीम साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कर रही है।

आवेदन मिलते ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। आरोपी पति मजदूरी का कार्य करता है।

# राज्यपाल ने कहा-इस साल सरकार 12 लाख नौकरी देगी

## 76वें गणतंत्र दिवस पर गांधी मैदान में तिरंगा फहराया: सीएम नीतीश डिप्टी सीएम भी रहे मौजूद





**औरंगाबाद।** देश भर में आज 76वां गणतंत्र का दिवस मनाया जा रहा है। पटना के गांधी मैदान में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने तिरंगा फहराया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि इस साल सरकार 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देगी। साथ ही 34 लाख लोगों को रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि बीते सालों में करीब 9 लाख लोगों को नौकरियां दी गईं। साथ ही शिक्षा, महिला सशक्तिकरण समेत हर क्षेत्र में सरकार ने काम किया है। गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस के जश्न में सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत मंत्री अधिकारी मौजूद रहे। झंडोत्तोलन से पहले कहर भानु प्रताप सिंह ने राज्यपाल को परेड की सलामी दी। इसके बाद 20 कंपनियों की परेड निकाली गई। अब 15 विभाग की झांकियां निकाली गईं। बेस्ट परेड के लिए रइ का चयन हुआ है। वहीं झांकियों में उद्योग विभाग की झांकी फर्स्ट रही, जबकि पशु एवं मत्स्य विभाग और जीविका की झांकी दूसरे और खेल विभाग की तीसरे नंबर पर रहीं। गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गांधी मैदान जाने से पहले सीएम ने एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में झंडा फहराया। राज्यपाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में पहले स्कूलों और शिक्षकों की संख्या कम थी। इसलिए बड़ी संख्या में स्कूल खोले गए हैं। उनकी आधारभूत संरचनाओं को भी मजबूत किया गया है। नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई। बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा बड़े पैमाने पर शिक्षकों की बहाली की गई है। नियोजित शिक्षकों की परीक्षा लेकर सरकारी शिक्षक बनाया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। साल 2006 में पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण की शुरूआत की गई है। वर्तमान में पुलिस में महिलाओं की संख्या 30 हजार है, जो देश में सबसे अधिक है। 2016 से सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35% आरक्षण दिया गया है। बिहार में जीविका के तहत 10 लाख से ज्यादा स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि सरकार, नौकरी और रोजगार के क्षेत्र में भी तेजी से काम कर रही है। इस साल 12 लाख लोगों को सरकार नौकरी देगी और 34 लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने बिहार के लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए सरकार काम कर रही है। फोर्स की संख्या, थानों की संख्या बढ़ाई गई है। पुलिस के लिए वाहन और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई गई है।

B.P.H.A.S.
विस्थापित प्रभावित हाईवा एशोसियेशन संघ
केरेडारी हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
बिरेंद्र रजक (मुखिया)
बच्छई चौपारण हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
देवलाल उरांव
प्रखंड विकास पदाधिकारी
टंडवा चतरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
सुनीता देवी (मुखिया)
जगदीशपुर चौपारण हजारीबाग

DRISTY Eye Hospital दृष्टि आई हॉस्पिटल
दृष्टि आई अस्पताल
ताजपुर, चौपारण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जितेंद्र यादव (जीतू)
समाजसेवी पाण्डेयबारा
चौपारण हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
रेखा देवी (मुखिया)
पाण्डेयबारा चौपारण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
पिंकी देवी (मुखिया)
चौपारण हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
भुनेश्वर गोप
प्रभारी, सीएचसी चौपारण
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
डॉ एक्यू खान
न्यू एस एम मेमोरियल
हॉस्पिटल चौपारण हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
मुन्नी देवी
पंचायत समिति सदस्य
ग्राम पंचायत चेडरा, विष्णुगढ़
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
नित्यानंद दास
अंचल अधिकारी
विष्णुगढ़ हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अखिलेश कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
विष्णुगढ़, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जिला खनन कार्यालय परिवार
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
पूर्वी वन प्रमंडल
कार्यालय परिवार
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
कस्तूरबा गांधी आवासीय
बालिका विद्यालय परिवार
पदमा हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
परिवार
पदमा हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जिला कृषि पदाधिकारी
कार्यालय परिवार
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कार्यालय परिवार
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जिला शिक्षा अधीक्षक
कार्यालय परिवार
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जिला खाद्य आपूर्ति
विभाग परिवार
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जिला कल्याण विभाग परिवार
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
पथ प्रमंडल परिवार
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अंचल कार्यालय परिवार
सदर अंचल, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
प्रखंड कार्यालय परिवार
सदर प्रखंड हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
रोशनलाल चौधरी
बड़कागांव विधायक हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की जिला वासी
को ढेर सारी शुभकामनाएं
मोतिउर रहमान
मिर्जापुर पंचायत

KIRAN MEDICAL
डॉ निखिल आनंद
एमबीबीएस, डीटीएम एंडएच
( गोल्ड मेडलिस्ट ) हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
परम जीत सिंह बेदी
समाजसेवी
चास बोकारो

मंगलम हॉस्पिटल
Dr. Sushil Singh
M.B.B.S, MS
Dr. Satish Kumar
Dr. Sadhana Singh
Dr. Vivek Kumar
Dr. Suprabhat Kiran
Dr. Subhashish Kr.
Dr. Sandeep Kumar
Dr. Vinit Mishra
Dr. Veenu
Mob.: 9508109866

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अजय महतो
वार्ड सदस्य तलासवार पंचायत
बड़कागांव हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
प्रमोद कुमार
समाजसेवी
बड़कागांव, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जितेन्द्र कुमार
समाजसेवी तलासवार पंचायत
बड़कागांव हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
डॉ आर कुमार
मेडिका हॉस्पिटल कमलवार
चौपारण हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अरुण साहू
कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता
बरही विधानसभा हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
अनुपम प्रकाश
थाना प्रभारी
चौपारण, हजारीबाग

लोक नायक जयप्रकाश
आंख अस्पताल बहेरा चौपारण हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
रीना पाण्डेय
प्रधानाचार्य
सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल
बहेरा चौपारण, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
राज किशोर सिंह
पैक्स अध्यक्ष
कटकमसांडी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
राजबल्लव कुमार
थाना प्रभारी
कटकमसांडी, हजारीबाग

# तीसरे टी20 में इंग्लैंड को हराकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी भारतीय टीम

**राजकोट (एजेंसी)।** पहले दो टी20 मैचों में जीत से उत्साहित भारतीय टीम मंगलवार को यहां मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में भी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 2-0 से आगे है। उसका लक्ष्य तीसरा मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा।

अब तक हुए दोनो ही मुकाबलों में भारतीय टीम हावी रही है। भारतीय टीम ने पहला मैच 7 विकेट जबकि दूसरा 2 विकेट से जीता था। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम भी इस मैच को किसी भी हाल में जीतकर सीरीज में वापसी करना चाहेगी हालांकि इसके लिए उसे बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इस मैच में पिच बल्लेबाजों के अनुरुपस है। यहां पर बल्लेबाजों को ज्यादा सहायता मिलती है। अच्छी पेस और उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। यहां पर बड़े स्कोर वाला मैच होने की संभावना है। अब तक इस मैदान पर कुल पांच टी20 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जबकि दो बार दूसरी बार बल्लेबाली करने वाली टीम ने जीते हैं।

यहां पर टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने को देख सकती हैं, इससे यह फायदा होगा कि पहले बल्लेबाजी करके टीम अच्छा स्कोर खड़ा कर सकती है और विरोधी टीम पर रनों का दबाव डाल सकती है। बता दें कि खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ता है पिच बल्लेबाजों के लिए थोड़ी कठिन होती जाती है। पहली पारी की तुलना में यहां दूसरी पारी में रन बनाना इतना आसान नहीं है। भारतीय टीम की ओर से पहले टी20 में अभिषेक शर्मा जबकि दूसरे टी20 में तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की थी। अब इन दोनो का ही लक्ष्य इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा।



वहीं इंग्लैंड की बात करें तो अब तक दोनों टी-20 मुकाबलों में कप्तान जोस बटलर को छोड़कर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। ऐसे में तीसरे मुकाबले में अन्य खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड अच्छी लय में थे पीर हालांकि, अन्य गेंदबाजों को उनका साथ देना होगा।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत**-सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, मोहम्मद शमी , अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड**- जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, बेन डकेट, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), आदिल राशिद , जैकब बेथेल।

# नागल शीर्ष 100 से बाहर, बोपन्ना को अक्टूबर 2022 के बाद पहली बार शीर्ष 20 में जगह नहीं




**मेलबर्न (एजेंसी)।** नयी दिल्ली । भारत के सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में लगातार 10 महीने शीर्ष 100 में रहने के बाद लचर प्रदर्शन के कारण जारी नवीनतम रैंकिंग में इससे बाहर हो गए जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जल्दी हारने के कारण अनुभवी रोहन बोपन्ना भी अब युगल रैंकिंग में शीर्ष 20 खिलाड़ियों का हिस्सा नहीं है। नागल मार्च 2024 से शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल थे। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ओपन में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत फरवरी 2024 में पहली बार शीर्ष 100 एकल खिलाड़ियों की सूची में जगह बनाई थी।

नवीनतम रैंकिंग में वह हालांकि 16 स्थान के नुकसान से 106वें नंबर पर खिसक गए हैं। उनके 565 अंक हैं। नागल पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्होंने जुलाई में विंबलडन 2024 के बाद से 18 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और इस दौरान एटीपी टूर और चैलेंजर सर्किट पर मुख्य ड्रॉ के केवल तीन मैच जीत पाए। शीर्ष 100 में शामिल खिलाड़ियों को ग्रैंडस्लैम सहित बड़ी प्रतियोगिताओं में सीधे प्रवेश मिलता है जहां पहले दौर में हार के बावजूद खिलाड़ियों ठीक-ठाक इनामी राशि मिल जाती है। नागल के बाद शशिकुमार मुकुंद 365वें स्थान पर हैं। उन्हें दो स्थान का फायदा हुआ है।

रामकुमार रामनाथन एक स्थान के नुकसान से 406वें जबकि उनके बाद करण सिंह (20 स्थान के नुकसान से 496वें स्थान पर) और आर्यन शाह (नौ स्थान के नुकसान से 593वें स्थान पर) का नंबर आता है। बोपन्ना युगल रैंकिंग में पांच स्थान के नुकसान से21वें स्थान पर खिसक गए हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में अपने नए जोड़ीदार निकोलस बेरिन्टोस के साथ हार गया। यह भारतीय ऑस्ट्रेलियाई ओपन में गत चैंपियन है।

बोपन्ना तीन अक्टूबर 2022 से नियमित तौर पर शीर्ष 20 में शामिल हैं। युकी भांबरी 47वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि उनके बाद एन श्रीराम बालाजी (एक स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर), रित्विक चौधरी बोल्लीपल्ली (सात स्थान के नुकसान से 79वें स्थान पर) और अर्जुन काधे (एक स्थान के फायदे से 83वें स्थान पर) का नंबर आता है। मुकुंद, रामकुमार, बालाजी, करण सिंह और बोल्लीपल्ली भारतीय डेविस कप टीम का हिस्सा हैं जो एक और दो फरवरी को विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में टोगो से भिड़ेगी। नागल और युकी ने स्वयं को डेविस कप मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं रखा है।

# भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में खेल अहम भूमिका निभा सकते हैं: मांडविया




**गांधीनगर (एजेंसी)।** ।केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत को आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तब विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में खेल एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने कहा कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की प्रतिबद्धता उसकी बढ़ती शक्ति का प्रतीक है। मांडविया ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक अनुसंधान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में कहा, '' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें 2036 में देश में ओलंपिक का आयोजन करना है। यह भारत की बढ़ती शक्ति का प्रतीक है।''

मंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत 2047 में एक विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है और आजादी का शताब्दी वर्ष मनायेगा तब खेल इस लक्ष्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकते हैं। मांडविया ने अनुसंधान और नवाचार के महत्व पर जोर देते हुए कहा, '' हम अगर अनुसंधान और नए विचारों को लागू करने में विफल रहे तो लगातार प्रगति करने वाली दुनिया में पीछे रह जायेंगे।''

उन्होंने कहा, '' जब हम खेलों को बढ़ावा देते हैं तो हमें कई मुद्दों का समाधान मिल जाता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो इंडिया' का नारा दिया और नागरिकों को फिट रखने के लिए 'फिट इंडिया' अभियान शुरू किया।'' उन्होंने कहा, '' 'फिट इंडिया' नागरिकों के बीच शारीरिक और मानसिक फिटनेस सुनिश्चित करने के बारे में है और ऐसे लोग एक आदर्श समाज बनाते हैं, जो स्वस्थ हो और एक विकसित देश का मार्ग प्रशस्त करे।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा, '' खेल देश की बढ़ती ताकत का प्रतीक है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2036 तक हमें खेल क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष 10 में आना है और 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा तो हमें खेलों में शीर्ष पांच में रहना है।

# बांग्लादेश को आठ विकेट से रौंद कर भारत टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** वैष्णवी शर्मा (15 रन पर तीन विकेट) के कातिलाना प्रदर्शन के बाद गोंगाडी तृषा (40) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के मुकाबले में रविवार को बांग्लादेश को आठ विकेट से रौंद कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम मंगलवार को अपने अंतिम सुपर सिक्स क्रिकेट मैच में स्कॉटलैंड से खेलेगा। भारतीय महिला टीम की कप्तान निकी प्रसाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और शानदार गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को 20 ओवर में सिर्फ 64 रनों पर ही समेट दिया। बाद में 65 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ने महज 7.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर आठ विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और पहले ओवर में ही सलामी बल्लेबाज मोसम्मत ईवा (2) का विकेट गंवाया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों के सामने बांग्लादेश ने घुटने टेक दिए और लगातार विकेट खोए। बांग्लादेश के किसी भी बल्लेबाज ने बड़ा स्कोर नहीं बनाया। कप्तान सुमैया अख्तर ने सबसे ज्यादा एक चौके के साथ 29 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहीं। बांग्लादेश ने 20 ओवर में आठ



विकेट खोकर भारत को 65 रनों का लक्ष्य दिया। वैष्णवी शर्मा का इस मैच भी शानदार प्रदर्शन जारी रहा और उन्होंने तीन विकेट हासिल किए। इसके अलावा शबनम शकील, जोशिता वीजे और गोंगाडी तृषा ने एक-एक विकेट लिया। गोंगाडी तृषा ने दमदार बल्लेबाजी की और 31 गेंदों में 40 रनों की पारी खेली, जिसमें आठ चौके जड़े।

## साल 2024 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड उमरजई को मिला

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने साल 2024 के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई को दिया है ।उमरजई के अच्छे प्रदर्शन से ही साल 2024 में अफगानिस्तान की टीम अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही थी ।उमरजाई पिछले साल दुनिया के सबसे अच्छे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में भी शामिल रहे थे ।। उमरजई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और फेंचाइजी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया हालाकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अधिक सफल रहे और रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद उन्होंने अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये ।वहीं गेंदबाजी की बात करें तो केवल एएम गजनफर ही उनसे अधिक विकेट ले पाये ।अफगानिस्तान की टीम साल 2024 में अपनी पांच में से चार एकदिवसीय सीरीज जीतने में सफल रही थी ।

## 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेलने उतारेंगे विराट कोहली



नई दिल्ली । पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली अगले हफ्ते अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी में वापसी करने वाले है । दिल्ली की टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में रेलवे से भिड़ना है ।कोहली 13 साल बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं । उन्होंने नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ आखिरी रणजी मैच खेला था। यह वापसी बीसीसीआई के नए नियमों के तहत हो रही है, जिसमे सभी भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना जरूरी है। डीडीसीए ने कोहली की वापसी के लिए खास इंतजाम किए हैं। स्टेडियम में सुरक्षा बढ़ाई गई है और करीब 10,000 दर्शकों के लिए जगह बनाई जा रही है। नॉर्थ एंड और ओल्ड क्लब हाउस दर्शकों के लिए खोले जाएंगे। जरुरत पड़ने पर बाकी स्टैंड के ग्राउंड फ्लोर पर भी दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। डीडीसीए ने घोषणा की है कि इस मैच के लिए कोई टिकट नहीं जारी किया जाएगा। सभी दर्शक मुफ्त में मैच देख सकते है।

# बुमराह और मंधाना को मिले आईसीसी अवार्ड

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और महिला क्रिकेटर को आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर स्मृति मंधाना को अच्छे प्रदर्शन के लिए आईसीसी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बुमराह को आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुना गया है। वहीं मंधाना को महिला एकदिवसीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया गया है। बुमराह साल 2018 के बाद यह अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर हैं। साल 2018 में विराट कोहली टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड मिला था।

आईसीसी ने 2024 में अलग-अलग प्रारुप के श्रेष्ठ क्रिकेटरों के नाम जारी किए हैं। आईसीसी ने हर प्रारुप में चार-चार खिलाड़ियों को नामांकित किया था। टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए बुमराह सबकी पसंद रहे। बुमराह





ने इंग्लैंड के जो रूट, हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को पीछे छोड़ा।।

बुमराह का 2024 में गजब का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने इस साल 13 टेस्ट मैचों में 14.92 की औसत से 71 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी ने सबसे अधिक 32 विकेट लिस। वहीं इंग्लैंड के जो रूट ने 2024 में 17 टेस्ट में 1556 रन और हैरी ब्रूक ने 12 टेस्ट में 1100 रन बनाए थे। श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस ने 9 टेस्ट में 1049 रन बनाये थे.

महिला क्रिकेट की बात करें तो मंधाना ने ऑस्ट्रेलिलया की लौरा वोल्वार्ड्ट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी महिला एकदिवसीयश् क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 अवॉर्ड अपने नाम किय।. मंधाना ने इस साल 13 वनडे मैच में 4 शतकों की मदद से सबसे अधिक 747 रन बनाए थे।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल



मेलबर्न । ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी । कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता । इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है । कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है । उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं ।सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं । उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी । ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गई। पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है ।पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं ।उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है ।पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं ।

## शिवम दुबे की भारतीय टीम में वापसी संभव, नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह चोटिल




मुंबई । इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि उभरते हरफनमौला खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण शेष मैचों से बाहर हो सकते हैं । सूत्रों के अनुसार, रेड्डी को कम से कम चार सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत है, जिससे उनकी वापसी अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान ही संभव होगी । रेड्डी की अनुपस्थिति में, 31 वर्षीय शिवम दुबे को भारतीय टीम में बुलाए जाने की संभावना है । दुबे 28 जनवरी को राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं । उन्होंने पिछली बार जुलाई 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, लेकिन पीठ की चोट के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा था । हाल ही में घरेलू क्रिकेट में वापसी के बावजूद, दुबे का प्रदर्शन रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ प्रभावित नही कर सका, जहां वह दोनों पारियों में खाता खोलने में असफल रहे । रेड्डी के चोटिल होने के अलावा, रिंकू सिंह भी चोटिल बताए जा रहे हैं । उनकी जगह चयनकर्ताओं ने रमनदीप सिंह को टीम में शामिल किया है । यह भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण समय है, क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन बनाए रखना अहम होगा । शिवम दुबे ने अब तक 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 448 रन बनाए हैं और गेंदबाजी में 11 विकेट चटकाए हैं ।

# ओडिशा वॉरियर्स ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग का खिताब जीता

**रांची (एजेंसी)।** ओडिशा वॉरियर्स महिला हॉकी इंडिया लीग का पहला खिताब अपने नाम करने में सफल रही है। रविवार रात खेले गए फाइनल में वॉरियर्स की टीम ने सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से मात दी। टीम की जीत की स्टार खिलाड़ी रहीं ऋतुजा डाडासो पिसाल। ऋतुजा ने 20वें और 56वें मिनट में दो गोल किए। ऋतुजा के पहले गोल के बाद पेनी साकिब ने 28वें मिनट में बराबरी का गोल किया। मैच बराबरी का चल रहा था, लेकिन आखिरी मिनट में ऋतुजा ने एक और गोल कर अपनी टीम को आगे किया और जीत दिलाई।

मैच की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। दोनों टीमों के अंदर जीत को लेकर जुनून नजर आ रहा था। दोनों ही टीमें बढ़त लेने की कोशिश कर रही थीं। वॉरियर्स की फीके मूस ने सर्किल में पहली एंट्री की और गोल करने की प्रयास किया जिसे सूरमा के डिफेंस ने चालाकी से नकार दिया। दोनों टीमें लगातार कोशिश कर रही थीं, लेकिन गोल नहीं कर पा रही थीं। सबसे करीबी मौका नेहा ने बनाया। उन्होंने ऋतुजा को पोस्ट के करीब पास दिया, लेकिन सूरमा की गोलकीपर सविता ने गोल नहीं होने दिया। पहले क्वार्टर में गोल नहीं हो सका।

दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें लड़ाई लड़ती रहीं। कुछ देर बाद ही वॉरियर्स ने पहला गोल कर बढ़त ले ली। विक्टोरिया साउज ने सर्किल में पास दिया और ऋतुजा ने शानदार तरह से गेंद को अपनी हॉकी से गोलपोस्ट में डाल दिया। सविता यहां कुछ नहीं कर सकीं और वॉरियर्स की टीम आगे हो गई। हालांकि, टीम की बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सकी क्योंकि आठ मिनट बाद ही पेनी साकिब ने बराबरी का गोल कर दिया। उन्होंने टॉप राइट कॉर्नर में काफी तेजी से गेंद को पोस्ट में डाला। वॉरियर्स की गोलकीपर जोसेलिन बार्टराम के पास इस शॉट का जवाब नहीं था। हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर था।

तीसरे क्वार्टर में दोनों ही टीमें काफी कोशिशों के बाद भी गोल नहीं कर सकीं। चार्लोट इंगेलबर्ट और ओलिविया शेनन ने कई बार कोशिश की लेकिन वॉरियर्स की गोलकीपर जोसेलिन ने शानदार बचाव कर बढ़त नहीं लेने दी। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों गोल नहीं कर पाईं। आखिरी क्वार्टर में मुकाबला और रोचक हो गया। दोनों ही टीमें बड़ी आक्रामकता से गोल करने की कोशिश करने लगीं। इस क्वार्टर में आठ मिनट का समय ही हुआ था कि वॉरियर्स को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन नेहा इसे गोल में नहीं बदल पाईं। कुछ देर बाद ऋतुजा ने सूरमा के डिफेंस से हुई गलती का फायदा उठाया और गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में डाल अपनी टीम को आगे कर दिया। उनका ये गोल विजयी गोल साबित हुआ।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) फाइनल मैच की विजेता टीम ओडिशा वॉरियर्स को पुरस्कार




राशि का चेक, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान किया। मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। फाइनल मुकाबला के दौरान स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम एवं आतिशबाजी का हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने आनंद उठाया। महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन संस्करण का शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, अध्यक्ष हॉकी इंडिया डॉ0 दिलीप तिर्की, सेक्रेटरी जनरल हॉकी इंडिया भोला नाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अर्शदीप सिंह बने आईसीसी पुरुष टी20 इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024

दुबई । भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण तब आया जब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 'आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुना गया ।25 वर्षीय अर्शदीप ने 2024 में 18 टी20 मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 36 विकेट हासिल किए । यह उपलब्धि उन्हें न केवल भारतीय क्रिकेट में बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी सबसे प्रभावशाली तेज गेंदबाजों में से एक बनाती है ।इससे पहले, अर्शदीप को रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के साथ आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम में शामिल किया गया था। आईसीसी द्वारा जारी एक वीडियो संदेश में अर्शदीप ने इस सम्मान के लिए अपने कोच, खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनकी मेहनत और समर्थन के बिना संभव नहीं था । 2024 टी20 विश्व कप में अर्शदीप का प्रदर्शन भारत की सफलता की आधारशिला साबित हुआ। भारतीय टीम ने 17 वर्षों बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीता ।जसप्रीत बुमराह के साथ अर्शदीप ने भारत के तेज आक्रमण का नेतृत्व किया और टूर्नामेंट में 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान साझा किया ।

# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' से जुड़ी बहस को आगे बढ़ाएं युवा : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को युवाओं से अपील की कि वे 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' से जुड़ी बहस को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि विषय युवाओं से जुड़ा है और उन्हें इस पर अपने विचार रखने चाहिए। चुनावों से बड़े स्तर पर पढ़ाई प्रभावित होती है।



प्रधानमंत्री मोदी ने आज वार्षिक 'राष्ट्रीय कैडेट कोर' पीएम रैली में भाग लिया और करिअप्पा परेड ग्राउंड में एनसीसी के युवा कैडेट को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के विचार का समर्थन किया और कहा कि आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते रहे हैं। बाद में यह पैटर्न बदल गया और इसका नुकसान देश को उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में वोटिंग लिस्ट अपडेट जैसे बहुत सारे काम होते हैं। इसमें अक्सर हमारे शिक्षकों की ड्यूटी लगती है जिस कारण से पढ़ाई प्रभावित होती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में युवाओं के सामने आ रही अनेक बाधाओं को दूर करने का काम किया है। इससे युवाओं और देश का सामर्थ्य बढ़ा है। भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी है और नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया है। इसी तरह से एनसीसी ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया है। कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड में चुना जाना अपने आप में एक उपलब्धि है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का युवा आज वैश्विक भलाई की शक्ति के तौर पर उभरा है। युवाओं को भारत के अमृतकाल में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे कार्यों और निर्णयों की कसौटी विकसित भारत हो। उन्होंने युवाओं से पांच प्राणों को हमेशा याद रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि पांच प्राण यानी विकसित भारत, गुलामी की सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता के लिए काम और कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस शिविर में कुल 2361 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें 917 बालिका कैडेट भी शामिल थीं। यह संख्या के हिसाब से बालिका कैडेटों की अब तक की सर्वाधिक भागीदारी थी। इस बार 18 मित्र देशों के करीब 144 कैडेट्स भी इस दौरान मौजूद रहे।

पीएम रैली में इन कैडेटों की भागीदारी नई दिल्ली में महीने भर चलने वाले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 के सफल समापन का प्रतीक है। इस वर्ष की एनसीसी पीएम रैली का विषय 'युवा शक्ति, विकसित भारत' है। देशभर से मेरा युवा (एमवाई) भारत, शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय के 650 से अधिक स्वयंसेवक भी विशेष अतिथि के रूप में एनसीसी पीएम रैली में शामिल हुए।





## कांग्रेस का बड़ा एलान, सरकार बनने पर दिल्ली में जैन कल्याण आयोग का होगा गठन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने एलान किया है कि दिल्ली में सरकार बनने पर अल्पसंख्यक आयोग में जैन समाज से एक सदस्य अवश्य शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही राजस्थान की तर्ज पर दिल्ली में जैन कल्याण आयोग का गठन किया जाएगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाता सम्मेलन में यह ऐलान किया। उन्होंने पंजाब के अमृतसर में कल बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र और पंजाब में जो सरकारें हैं, वह बाबा साहेब के आदर्शों में विश्वास नहीं रखती हैं। घटना के एक दिन बाद भी पंजाब सरकार ने न तो कार्रवाई की और न ही आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल का अभी तक कोई बयान आया है। तमाम मुद्दों पर ट्वीट करने वाले प्रधानमंत्री भी चुप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के गृहमंत्री राज्यसभा में बाबा साहेब पर "आपत्तिजनक" टिप्पणी करते हैं तो उस पर भी प्रधानमंत्री कोई कार्रवाई नहीं करते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान में अल्पसंख्यक दर्जे को आजादी दी थी। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में राहुल गांधी के प्रयास से अल्पसंख्यक मंत्रालय ने 27 जनवरी, 2014 को जैन समाज को यह दर्जा दिया था।










नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**